
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 04:48 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 6 जून 2025
वर्ष 3, अंक 293, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
# अमृत विचार
अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर 14
दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर 13

## ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में हड़ताल करने पर एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है।

शासन की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत हड़ताल पर रोक लगाई गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी ऊर्जा निगमों में सभी तरह की सेवाओं पर हड़ताल पर रोक रहेगी। हड़ताल करने पर कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन के सूत्रों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के तेज होते आंदोलन को ध्यान में रखकर हड़ताल पर रोक लगाई गई है। वजह यह है कि बिजली कर्मी ऊर्जा निगमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन ने 87 अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं, जबकि कई अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच के लिए आयोग गठित

## बेंगलुरु सिटी के सीपी सहित कई पुलिस अधिकारी निलंबित, आरसीबी, आयोजकों और केएससीए के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु के कई आला पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें बेंगलुरु सिटी के पुलिस कमिश्नर (सीपी), बेंगलुरु सेंट्रल जोन के डीसीपी, कब्बन पार्क के सहायक पुलिस कमिश्नर (एसीपी) और कब्बन पार्क के इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के लिए आयोग भी गठित किया है जो 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगा। सीआईडी को भी मामले की जांच सौंपी गई है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच भी हो रही है जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं। दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य के खिलाफ गुरुवार को गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। मामला बीएनएस की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का इस्तेमाल करके जान-बूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के साथ अन्य धाराओं में दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से हुई मौतों के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का गुरुवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की पीठ ने मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद राज्य को 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### नई एसओपी तैयार करेगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह कदम बुधवार को एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास मची भगदड़ की घटना के बाद उठाया गया है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देगी आरसीबी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। आरसीबी की ओर से गुरुवार को जारी आधिकारिक बयान में भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की गई है।

## एक नजर

### शनिवार से चलेगी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग गुरुवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमशः 715 रुपये और 1,320 रुपये है। यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

### जनगणना में बजट बाधा कभी नहीं रहा

**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार स्पष्ट किया है।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं पर चलती थीं कभी गोलियां, आज पुष्पवर्षा

## रामकथा पार्क में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, किया पौधरोपण

- अपने जन्मदिन पर रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल उतारी आरती

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं। श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था। आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है। उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने ''अतिथि देवो भवः'' की नई परिभाषा गढ़ रही है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह राम कथा पार्क में अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



राम दरबार की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। बजरंगबली व श्रीराम की आरती उतारी। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इसमें माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ-साथ बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। सफेद संगमरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्यमंत्री ने रामदरबार का पूजन-अर्चन कर पहली आरती उतारी। साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद सरयू तट पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पौधे लगाए। इसके बाद 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया।

### सभी डीएम अपने जिले की एक नदी को करें पुनर्जीवित

मुख्यमंत्री ने आंजनेय सेवा संस्थान द्वारा पक्का घाट पर आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जन्म, विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने-अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए। इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए का छापा

- आतंकवादी साजिश को किया बेनकाब

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्रांउड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया।

जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं।

# साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन बंदी की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेशी पर आए दो अन्य कैदियों ने पीट-पीटकर मार डाला
- मामले की जांच के लिए गठित की गई पुलिस की टीम

दिल्ली की साकेत अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन बंदी की न्यायालय के हवालात में दो अन्य कैदियों ने कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस मामले को सुरक्षा में बड़ी चूक बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर लात-घूंसों से बार-बार उस पर हमला किया और उसका सिर दीवार पर दे मारा।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच के लिए पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई है, जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि हवालात में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बचाने में देरी क्यों की।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने एक बयान में कहा कि हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि अमन को साकेत अदालत में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना हुई।

### यह घटना सुरक्षा में बड़ी चूक का नतीजा

पटियाला हाउस कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अधिवक्ता वीरेंद्र कसाना ने कहा कि यह दिल्ली पुलिस की ओर से एक बड़ी सुरक्षा चूक है। कसाना ने कहा कि यह बहुत गंभीर घटना है और दिल्ली पुलिस की बड़ी सुरक्षा चूक है। सभी पुलिस अधिकारियों को पता होता है कि उन्हें अपराधियों को कब अदालत में पेश करने के लिए लाना है। लेकिन उन्हें एक ही कोठरी में रखना सुरक्षा में बड़ी चूक है।

प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया। अमन ने 2024 में जितेंद्र और उसके भाई पर कथित रूप से चाकू से हमला किया था। पुलिस ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि विवाद जारी रहा, जो हिरासत के दौरान और बढ़ गया। उसने बताया कि गोविंदपुरी निवासी अमन को हमले में गंभीर चोटें आईं और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

रीवा, एजेंसी

- तीन अन्य घायल, मप्र के रीवा जिले में हुआ हादसा
- प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे सभी लोग

मध्यप्रदेश के रीवा जिले में गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पर ट्रक पलट जाने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे।

दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान



शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक लाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से गुजर रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक ऑटोरिक्शा पर पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने बाद में दम तोड़ दिया। ऑटोरिक्शा में सवार यात्री प्रयागराज में गंगा नदी में स्नान करने के बाद रीवा की सीमा से लगे मऊगंज जिले के नईगढ़ी लौट रहे थे। एएसपी ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से रीवा जा रहा था। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल (38), पिंकी (35), हीरालाल जायसवाल (65), प्रवीण (12), अंबिका (8), मानसी (7) और अरविंद (6) के रूप में हुई है।

# कानपुर देहात में हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी मौत की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 10 महीने पहले भोगनीपुर क्षेत्र में हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** करीब 10 माह पहले एक बच्ची की हत्या में एडीजे कोर्ट-6 ने दोषी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है, जबकि बच्ची के माता-पिता सहित छह लोगों की हत्या के प्रयास में उम्रकैद दी है। 15 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव की पूजा ने पति की मौत के बाद औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुरलीपुरवा निवासी अपनी बहन पूनम के देवर दीपू के साथ वर्ष 2021 में दूसरी शादी कर ली थी। पूजा पिपरी गांव में ही अपने बच्चों दूसरे पति दीपू के साथ रहती थी। दीपू पहले पति के बच्चों से खुन्नस रखता था। 22 जुलाई 2024 की रात दीपू ने पत्नी पूजा, सौतेले पुत्र उमंग, पूजा के देवर महेंद्र, उसकी पत्नी विभा, 6 साल की पुत्री काव्या व 8 साल के पुत्र सूर्यांश पर बांके से हमला किया था, जिसमें काव्या की मौत हो गई थी। भोगनीपुर पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। एडीजे-6 दुर्गेश ने गुरुवार को दोषी दीपू को हत्या में फांसी और हत्या के प्रयास में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# प्रदेश में बिछाया जाएगा पुलों का संजाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोक निर्माण विभाग ने बनाई कार्य योजना, बनेंगे 3235 पुल

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी शहरों, तहसीलों, जिलों, ब्लॉक व ग्राम में बेहतर आवागमन के लिए पुलों का जाल बिछेगा। योगी सरकार 28346 करोड़ रुपये खर्च करके कुल 3235 पुल बनाएगी। इसमें 60 मीटर से अधिक लंबे पुलों का निर्माण उ.प्र राज्य सेतु निगम करेगा, जबकि 6 से 60 मीटर तक के पुल लोक निर्माण विभाग बनाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अनुसार जिन बड़े व छोटे पुलों का निर्माण होना है उसमें मुख्यतः तीन योजनाओं का समावेश होगा। इसमें राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राज्य योजना (ग्रामीण) तथा राज्य योजना (शहरी) प्रमुख हैं। इन तीनों योजनाओं के जरिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के साथ ही कच्चे व लकड़ी के पुल और जीर्ण-शीर्ष अवस्था वाले पुलों का नवनिर्माण व विकास सुनिश्चित होगा।

इसमें विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों में स्थायी पुलों के निर्माण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है जहां पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर ग्रामीण मार्गों पर जनता द्वारा अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण सेतुओं के निर्माण को वरीयता के आधार पर निर्मित किया जाएगा जिससे मार्गों की सुरक्षा के साथ ही यातायात के लिए स्थायी समाधान उपलब्ध हो सकेगा। कार्ययोजना के अनुसार जिन 3235 दीर्घ व लघु पुलों के निर्माण, नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण व विकास किया जाना है, उनमें अधिक आबादी को लाभान्वित करने के लिए विशेष तौर पर वरीयता के आधार पर चिह्नित किया जाएगा।

यहां आवागमन की दूरी को घटाने और यातायात के उचित प्रबंधन के लिए जन प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर 10 किमी के मानक में शिथिलता दी जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक, धार्मिक या पर्यटन महत्व वाले स्थलों पर 10 किमी की शर्त लागू नहीं की जाएगी।

# मैनपुरी में आर्मी के फर्जी ट्रेनिंग कैंप का भंडाफोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसका सहयोगी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** मैनपुरी जिले में फर्जी आर्मी ट्रेनिंग कैंप का राजफाश हुआ है जहां से कई राज्यों के युवाओं को ठगा जा रहा था। उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, कर्नाटक आदि में विज्ञापन जारी कर फर्जी ट्रेनिंग के लिए युवाओं को इन सेंटरों पर बुलाया जाता था।

इस गैंग के मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसकी सहयोगी सुमित्रा सेनापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स (बीपीपीएफ) नाम से संचालित हो रहे इस नकली सैन्य भर्ती केंद्र से सेना जैसी वर्दी, नकली एयर गन, फर्जी दस्तावेज के साथ कई अन्य सामान बरामद हुए हैं। तेलंगाना के करीमनगर जिले के बनटाउन थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र राजइया ने किशनी पुलिस से शिकायत की थी। गिरोह के सदस्य सेना में भर्ती का झांसा देकर युवाओं से 2 से 3 लाख रुपये तक वसूली कर रहे थे। अब तक करीब 400 युवाओं से ठगी की जा चुकी है।

## शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत

- विवादित वीडियो पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# भारत में निर्मित किया जाएगा लड़ाकू विमान राफेल का ढांचा

## फ्रांस की दसॉ एविएशन के साथ हुआ टाटा एडवांस सिस्टम का करार

- उत्पादन के लिए हैदराबाद में होगी एक अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान का ढांचा (फ्यूजलाज) बनाने के लिए गुरुवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्ट्री में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।



### भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में यह अहम कदम

दसॉ के चेयरमैन ट्रैपियर ने कहा कि यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

## एक नजर

### छात्र संसद में पर्यावरण संरक्षण से लाभ पर परिचर्चा

**रुदौली, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र रुदौली के कंपोजिट विद्यालय गनौली में समर कैंप के साथ विश्व पर्यावरण दिवस पर छात्र परिचर्चा का आयोजन किया गया। समर कैंप में पर्यावरण के संरक्षण से होने वाले फायदे पर छात्र संसद में चर्चा कराई गई। कक्षा तीन के छात्र आकाश ने कहा कि वृक्ष को अंधाधुंध कटान से वातावरण विषाक्त हो रहा है। कहा कि रोक न लगाए जाने पर आने वाले समय में विषैली गैस की मात्रा बढ़ने से मानव जीवन कठिन होगा। कक्षा सात की छात्रा देव कुमारी ने कहा कि वृक्षों को बचाने के अलावा प्लास्टिक के जलाने से पैदा होने वाली गैस जीवन के लिए संकट है। इसमें कक्षा चार के नवल, आठ के रमाकांत, पांच के ललित ने भाग लिया। अभिभावक रविशंकर पाण्डेय प्रेमा देवी, शत्रुघ्न लाल और गुलशन कुमार ने पौधरोपण किया। प्रधानाध्यापक मो. अकील ने बताया कि समर कैंप में विभिन्न रोचक गतिविधियों सिखाई गई। समर कैंप संचालिका विद्यालय की अनुदेशिका प्रियंका और प्राथमिक विद्यालय सुलेमानपुर की शिक्षा मित्र निर्मला देवी के संचालन में किया गया।

# अलर्ट पर रही अयोध्या, बदला रहा यातायात

## द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह व सीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, दर्शन-पूजन पर नहीं थी रोक

अयोध्या कार्यालय


राम मंदिर में दर्शन पूजन को जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राम मंदिर में राम दरबार समेत अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा समारोह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर गुरुवार को रामनगरी अलर्ट पर रही। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। साथ ही समारोह के दौरान यातायात भी बदला रहा। वहीं, राम मंदिर व हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन पर कोई रोक नहीं रही। श्रद्धालुओं ने बिना किसी रोक टोक के दर्शन पूजन करते दिखे।

राम मंदिर में आयोजित उत्सव को लेकर गुरुवार को रामनगरी में उत्सव का माहौल रहा। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस, एटीएस, एसटीएफ और ड्रोन निगरानी के साथ प्रशासन ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षित रखा। यातायात व्यवस्था में बदलाव कर श्रद्धालुओं और अतिथियों की सुविधा सुनिश्चित की गई। मुख्यमंत्री के आगमन से करीब एक घंटे पूर्व अयोध्या में यातायात प्रतिबंधित कर डायवर्जन लागू कर दिया गया। उनकी फ्लीट गुजरने के दौरान गली-कूंचों पर लगे बैरियर गिरा दिए गए।

इसके लिए रामपथ की एक लेन सुरक्षित की गई थी, जबकि दूसरी लेन से श्रद्धालुओं बिना रोक टोक दर्शन पूजन को जाते दिखे। हनुमानगढ़ी में सीएम द्वारा दर्शन पूजन करने के दौरान यहां पर कुछ देर के लिए श्रद्धालुओं का प्रवेश बाधित रहा, जबकि राम मंदिर में दर्शन में बाधा नहीं आई।

### भक्ति के रंग में रंगी नजर आई रामनगरी

गुरुवार को रामनगरी एक बार फिर भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। हालांकि श्रद्धालुओं की संख्या आम दिनों की तरह ही रही, जो भी रहे वह इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनकर बहुत खुश नजर आए। बिहार के बेगूसराय से परिवार के साथ आए राजीव नारायन ओझा ने कहा कि वह 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी अयोध्या में थे, इस बार भी राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का सौभाग्य मिलने पर वह अपने को धन्य मान रहे हैं। उनकी पत्नी मीना ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी दिन प्रतिदिन निखर रही है। राम मंदिर के प्रवेश द्वार पर मिले नित्य दर्शन करने वाले स्थानीय नागरिक राम प्रसाद पांडेय भी भक्ति में भाव विभोर दिखे, कहा प्रभु की कृपा से ही रामनगरी में रहने का सौभाग्य मिला है। यह आयोजन मंदिर निर्माण की पूर्णता का प्रतीक रहा। वहीं, व्यापारी राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि उम्मीद है कि अब अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी, जिससे कुछ माह से थमा व्यापार फिर से गति पकड़ेगा।

# गुजरात के व्यवसायी ने राम दरबार को समर्पित किए आभूषण


गुजरात के व्यवसायी द्वारा राम दरबार के लिए भेजे गए आभूषण व सोने के धनुष।

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर में मां जानकी समेत राजा श्रीराम के विराजमान होने पर गुजरात के सूरत के हीरा व्यापारी ग्रीन लाइव के मालिक मुकेश पटेल ने बेशकीमती आभूषण भेंट किए। वह गुरुवार को निजी विमान से आभूषण लेकर अयोध्या पहुंचे।

आभूषणों में श्रीराम, मां सीता सहित चारों भाई के लिए धनुष-बाण, गदा, कुंडल, हार और मुकुट आदि को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया। विहिप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेवालिदा ने बताया कि इसमें 1000 कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना और 300 कैरेट रूबी से 11 मुकुट बनाए गए हैं। इसके अलावा गले का हार, कान का कुंडल, माथे का तिलक और चारों भाइयों के लिए धनुष को भी तैयार किया गया है।

# सनातन की मजबूत नींव पर आकार ले रहा विकसित भारत

अयोध्या कार्यालय


महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत हुआ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज के 87वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की मजबूत नींव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है। डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से अयोध्या में त्रेतायुगीन वैभव की वापसी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन अत्यंत अभिभूत करने वाला और आनंदमयी है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी के जन्मदिवस समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों की दिव्य साधना और आशीर्वाद के कारण ही भारत नए भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना रुके और डिगे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे हैं।

### माता जानकी के आशीर्वाद से फली फूली है मणिरामदास छावनी की साधना परंपरा

मुख्यमंत्री ने मणिरामदास छावनी के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि 18वीं सदी से 21वीं सदी तक, इस छावनी की 300 वर्षों की कठोर साधना का इतिहास रहा है। साक्षात माता जानकी ने इस परंपरा के संत को दर्शन दिए, जिसके कारण यह परंपरा फली-फूली। उन्होंने कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास के नेतृत्व में राम जन्मभूमि आंदोलन को सफलता मिली और आज अयोध्या विश्व की सुंदरतम नगरी के रूप में विकसित हो रही है।

▸▸ **महंत नृत्यगोपाल दास के 87वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री**

**मजबूत और भव्य भारत का निर्माण हो रहा है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। आज रामदरबार और राम मंदिर में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य भी पूर्ण हुआ है। राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण सनातन धर्म की मजबूत नींव का प्रतीक है। उन्होंने काशी, महाकाल, केदारपुरी और सोमनाथ मंदिरों के सौंदर्यीकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मंदिरों पर सनातन धर्म की मजबूत नींव टिकी है। इस नींव पर मजबूत और भव्य भारत का निर्माण हो रहा है।

### मानवता के लिए उपकारी हैं गिद्ध

उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि परिसर में सभी दिव्य विभूतियों के विग्रह स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने गिद्धराज जटायू की भव्य मूर्ति के स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि खानपान और पर्यावरणीय बदलाव के कारण गिद्धों की प्रजातियां समाप्त हो रही हैं। गिद्ध मानवता के लिए उपकारी हैं। माता सीता के अपहरण के समय जटायू ने रावण से लोहा लिया था। इसीलिए राम जन्मभूमि पर उनकी भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। उन्होंने गोरखपुर में जटायू संरक्षण केंद्र की स्थापना का भी जिक्र किया।

### हनुमानगढ़ी और संतों के योगदान की चर्चा

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी के सौंदर्यीकरण और हनुमत मंडपम के निर्माण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी आज भव्य रूप ले चुकी है। इसके लिए मंदिर से जुड़े सभी संतों का विशेष आभार। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों के आशीर्वाद से अयोध्या में आने वाले सभी श्रद्धालु अपनी धार्मिक पिपासा को शांत कर रहे हैं।

# नदियां रहेंगी तभी धरती माता, पर्यावरण और जीव-जंतु रहेंगे सुरक्षित : मुख्यमंत्री

अयोध्या कार्यालय

**13वें सरयू जयंती महोत्सव का किया शुभारंभ**


राम कथा पार्क में मां सरयू का अभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि नदियां धरती माता का आधार हैं। इनके संरक्षण से ही पर्यावरण, जीव-जंतु और मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने मां सरयू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम ने अयोध्या का जिक्र करते हुए मां सरयू का नाम लिया था। सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में ही भगवान भगीरथ ने अपने पूर्वज महाराज सगर के पुत्रों के उद्धार के लिए लंबी साधना की और मां गंगा को धरती पर लाए। प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया ने मां गंगा के तट पर आयोजित इस महोत्सव को देखा, जो भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है।

### नये भारत का प्रतीक है उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की प्रगति पर गर्व जताते हुए कहा कि यूपी अब नये भारत का उत्तर प्रदेश बन रहा है। यह विकास के नए कीर्तिमान रच रहा है। आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, दंगा और अपराधमुक्त वातावरण, नौजवानों के लिए रोजगार, महिलाओं और व्यापारियों के लिए भयमुक्त माहौल यूपी की नई पहचान है। उन्होंने कहा कि पहले लोग उत्तर प्रदेश का नाम सुनकर नाक-भौं सिकोड़ते थे, लेकिन आज यूपी का नाम गौरव की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की तरह ही आज पूरा उत्तर प्रदेश चमक रहा है। यूपी अब विकास, संस्कृति और आधुनिकता का संगम बन चुका है।

### संतों की आपत्ति के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज के पश्चिमी छोर पर स्थित महादेवा घाट मंदिर मार्ग पर खुलेआम मांस की दुकानें लगती हैं। यह स्थान तमसा नदी के पुल के पास है। 84 कोसी परिक्रमा के संतों ने इस पर आपत्ति जताई थी। नगर पंचायत प्रशासन के नेताओं और अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों में इसको लेकर नाराजगी है। स्थानीय लोग भी कहते हैं कि कई बार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी ने खुद नोटिस जारी किए जाने के लिए अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिया, लेकिन कोई नोटिस जारी नहीं हुई। चर्चा तो यह भी है कि इन दुकानों के पास लाइसेंस तक नहीं है। मिलीभगत से यह धंधा चल रहा है।

# निविदा संविदा कर्मियों के साथ नहीं होगा अन्याय : सांसद


मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते आउटसोर्स कर्मी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत के बैनर तले गुरुवार को 45वें दिन भी मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना जारी रहा। इस दौरान सांसद अवधेश प्रसाद उनके बीच पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि निविदा संविदा कर्मियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंता द्वारा नोटिस देना मौलिक अधिकारों के विपरीत है।

सांसद ने कहा कि इतने दिनों से धरने के बाद भी कोई समाधान का मार्ग न निकलना नितांत अलोकतांत्रिक है। सभा की अध्यक्षता प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा ने किया। संचालन करते हुए अध्यक्ष जय गोविंद ने अयोध्या में निस्कासित किए गये अल्प वेतन भोगी संविदा कार्मिकों को तत्काल कार्य पर बहाल करते हुए नयाय दिलाने की मांग मुख्यमंत्री से की। सभा को सुशील मौर्य, सुरेश सिंह, राजेश, प्रदीप यादव, महेंद्र कुमार राकेश, अमन तिवारी ने सम्बोधित किया।

### दिनेश हत्याकांड का मुख्य आरोपी चाचा गिरफ्तार

**अयोध्या।** कोतवाली बीकापुर पुलिस ने दिनेश हत्याकांड के मुख्य आरोपी उसके चाचा अशोक कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गंडासे को बरामद किया गया है। सीओ बीकापुर पीयूष ने बताया कि तीन मई को बीकापुर कोतवाली के सुगन राय का पुरवा पटेल नगर निवासी दिनेश वर्मा की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। उसके पिता ने अपने भाई-भाभी समेत चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। इनके खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही पुलिस ने मुख्य आरोपी अशोक को गुरुवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पिताजी के मृत्यु के बाद हम दोनों भाइयों में पैतृक सम्पत्ति व जमीन बंटवारे को लेकर विवाद होने लगा। इससे गुस्से में आकर उसने भतीजे दिनेश वर्मा के ऊपर गंडासे से वार कर मार डाला था। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# शिक्षकों के प्रयास से होगा कृषि शिक्षा का विकास : प्रो. डीके

कुमारगंज, अयोध्या

▸▸ **कृषि संकाय सदस्यों के बोर्ड की बैठक**

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में कृषि संकाय सदस्यों के बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। इसमें शिक्षण से संबंधित प्रमोशन, बकाया देयकों, बोर्ड में अन्य कॉलेजों से सदस्य नामित करने, स्नातक छात्रों के राबे प्रोग्राम और पीसीपी के मोडिफिकेशन, छात्रों के सुगम शिक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा हुई।

अध्यक्षता करते कृषि अधिष्ठाता डॉ. डीके सिंह ने परास्नातक छात्रों के थीसिस एवं रिसर्च पर चर्चा की। शिक्षकों से आह्वान किया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हम शिक्षण के साथ-साथ रिसर्च कार्य भी करते हैं। शोध कार्यों के प्रस्तावों को तैयार करते समय स्थानीय समस्याओं एवं जरूरतों को ध्यान में रखना होगा, ताकि शोध का लाभ स्थानीय लाभार्थियों को मिल सके। सचिव डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया की शिक्षा के सुधार के लिए कुलपति के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय दिन प्रतिदिन उन्नति कर रहा है। इसी तरह शिक्षकों का सहयोग आगे भी प्राप्त होता रहेगा, जिससे शिक्षण कार्य को और अच्छे से आगे बढ़ाया जा सकेगा। कृषि महाविद्यालय की ओर से स्नातक स्तर पर नेचुरल फार्मिंग स्नातक की डिग्री शुरू करने के लिए प्रस्ताव भी उच्च सदन को प्रेषित करने हेतु आम सहमति बनी। डॉ. आलोक ने बताया कि शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने, भारतीय अनुसंधान परिषद के छठवें कमेटी की संस्तुतियों को लागू करने के तहत किए जा रहे कार्यों के साथ-साथ शिक्षकों की हितलाभ आदि मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बोर्ड के सदस्यों ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत में डॉ. दिवाकर सिंह ने बोर्ड के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप

### कंटेनर व ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर, चालक घायल

**मवई, अयोध्या/अमृत विचार।** पटरंगा थाना के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर गुरुवार दोपहर तीन बजे मवई चौराहा के पास एक कंटेनर और ईंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब एनएचएआई द्वारा रानीमऊ के पास सड़क मरम्मत कार्य चल रहा था। मरम्मत के कारण मार्ग को वन-वे कर दिया गया था। दोनों तरफ के वाहन एक ही लेन पर चल रहे थे। दुर्घटना में ट्रैक्टर के तीन टुकड़े हो गए। कंटेनर का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक में फंसे चालक को विपिन कुमार निवासी हाथरस अलीगढ़ को पुलिस व स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला, जबकि ट्रैक्टर चालक की पहचान रानीमऊ निवासी सुखलाल के रूप में हुई। दोनों को सीएचसी मवई भेजा गया, जहां से कंटेनर के चालक को लखनऊ रेफर कर दिया गया। हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने तत्काल मार्ग को वन-वे कराकर यातायात सुचारू करवाया। थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर सड़क से किनारे करवा कर यातायात को बहाल करा दिया गया है।

### विमल ने जेईई एडवांस में हासिल की 239वीं रैंक



**तारुन, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कल्याणपुर छितौना बरौली टिकरी के रहने वाले विमल वर्मा पुत्र रामनयन वर्मा ने आईआईटी जेईई एडवांस में ओबीसी वर्ग में 239 वीं रैंक और सामान्य वर्ग में 1444वीं रैंक से सफलता पाई। पिता रामनयन वर्मा किसान और माता गृहणी है। प्रारंभिक शिक्षा टीडी पब्लिक स्कूल नसरतपुर बेलहिया से हुई थी। डाभासेमर स्थित नवोदय विद्यालय से कक्षा छह से 12 तक की पढ़ाई की। विद्यालय के प्रबंधक उदय भान वर्मा और प्रधानाचार्य मिथिलेश वर्मा ने सफलता पर विमल को सम्मानित किया। उज्जवल भविष्य की कामना की। सफलता की जानकारी पर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों और जनप्रतिनिधियों ने घर पहुंचकर बधाई दी। विमल वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

### जीएसटी पंजीकरण जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन

**कुमारगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत कुमारगंज में बवां मोड़ स्थित प्रज्ञा भवन पर गुरुवार को राज्य कर अधिकारी की ओर से जीएसटी पंजीकरण जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्यापारियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया गया। राज्य कर अधिकारी विनीता दुबे ने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन करने से व्यापारियों को कई फायदे मिलते हैं। रजिस्ट्रेशन से व्यापारियों का व्यवसाय सरकार से मान्यता प्राप्त हो जाता है। जीएसटी पंजीकृत व्यवसायी को सरकारी योजनाओं एवं बैंकों से लोन लेने में प्राथमिकता मिलती है। पंजीकरण से व्यापारी को दस लाख रुपए का दुर्घटना बीमा मिलता है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि जीएसटी पंजीकरण कराना बहुत ही आसान है। छोटे व्यापारी भी कुछ आवश्यक दस्तावेज के जरिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### नहीं उठता जेई का फोन, कैसे हो समस्या का समाधान

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** गोसाईगंज क्षेत्र के गद्योपुर विद्युत सब स्टेशन में तैनात जूनियर इंजीनियर की कार्यशैली से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जेई न तो सीयूजी नंबर पर फोन उठाते हैं और न ही उनके निजी मोबाइल नंबर पर संपर्क हो पाता है। सरकार की हिदायत है कि सभी विभागीय अधिकारी सीयूजी नंबर अपने साथ रखें। उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुने और समाधान कराएं, लेकिन यहां कई बार फोन करने के बाद भी बात नहीं हो पाती। क्षेत्र के बीएन विश्वकर्मा और गोकरन कौशिक बताते हैं कि जेई विकास पटेल को कई-कई बार फोन करने के बाद फोन उठता नहीं है। लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस बावत फिर जेई के फोन नंबर पर काल किया गया लेकिन काल रिसीव नहीं हुई। कहा कि अब इसकी शिकायत प्रशासन के अफसरों से की जाएगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन किया जाएगा।

### नदी में नहा रहा किशोर डूबा, दूसरे को बचाया गया

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना कैंट अंतर्गत गुप्तारघाट पर गुरुवार को सरयू में स्नान कर रहे दो किशोरों में एक गहरे पानी में जाने से डूब गया, जबकि दूसरे को जल पुलिस ने बचा लिया। थाना कैंट प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब सात बजे कैंट एरिया में रहने वाले अंकित पुत्र शेर सिंह व नीतेश कुमार पुत्र अनिल गुप्तारघाट स्थित सरयू में स्नान करने गए थे। दोनों ने घाट पर बने प्लेटफार्म पर रखी नाव से नदी में छलांग लगाई। इस दौरान अंकित गहरे पानी में चला गया, जबकि नीतेश धारा में फंस गया। यह देख वहां तैनात जल पुलिस ने मौके पहुंचकर रस्सा फेंककर नीतेश को बचा लिया लेकिन अंकित गहरे पानी में डूब गया। जल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम रेसक्यू कर उसकी तलाश कर रही है। एसओ के अनुसार अंकित के पिता कैंट में एनएनसी बटालियन में तैनात हैं।

**ईद-उल-अजहा** | बकरा मंडी में उमड़ी खरीदारों की भीड़, दामों में आया जबरदस्त उछाल

# ‘शहंशाह’ सवा लाख तो ‘बादशाह’ एक लाख में बिका

अयोध्या कार्यालय।


आर्य कन्या रोड पर मंडलीय बकरा मंडी में सजा बाजार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा सात जून को मनाई जाएगी। इसे लेकर गुरुवार को सजी बकरा मंडी में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पर्व से दो दिन पहले लगी अंतिम बकरा मंडी में सबसे बड़ी बोली राजस्थान के शहंशाह की सवा लाख रुपये में लगी जबकि बिहार का बादशाह नाम का बकरा एक लाख में बिका। शहंशाह को हसनू कटरा के मोहम्मद जैद अंसारी ने और बादशाह सोहावल के मोईन अहमद ने खरीदा।

बकरीद में कुर्बानी देने के लिए आर्य कन्या रोड स्थित इस मंडी में सबसे अधिक ‘सिरोही नस्ल’ के बकरे की मांग रही। इन्हें स्थानीय स्तर पर ‘अजमेरा नस्ल’ भी कहा जाता है।यह नस्ल अपने शानदार शरीर, आकर्षक रंग और राजसी लुक के लिए जानी जाती है। गत वर्ष की अपेक्षा इस बार दोगुने और तीगुने दामों में बकरे बिक रहे थे। कुछ बकरे तो इतने महंगे बिक रहे थे कि उन्होंने महंगे स्मार्टफोन की कीमतों को भी पीछे छोड़ दिया है। बकरे बेचने वाले व्यापारियों ने बताया कि मंडी में विभिन्न नस्लों के बकरे आए हैं। ज्यादातर व्यापारी सिरोही, नागौर और हरियाणा जैसे स्थानों से आते हैं, जबकि खरीदार आसपास और विभिन्न प्रांतों से भी बकरीद में कुर्बानी के लिए यहाँ जानवरों को खरीदने आते हैं। मंडी में आए एक व्यापारी रमीज ने बताया यह अजमेरा नस्ल का बकरा दो लाख रुपये में है। इस मंडी में आज इसके जैसा दूसरा कोई बकरा नहीं है। इस तरह के खास बकरों की देखभाल भी उतनी ही खास होती है। इन्हें काजू, बादाम, फल और अन्य महंगे खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं। इन पर रोजाना 300 से 500 रुपये तक का खर्च आता है। इकबाल अहमद ने बताया कि यहां विशेष रूप से लोग बड़ी संख्या में कुर्बानी के लिए बकरे खरीदने आ रहे हैं। यहां के अलावा जिले में कहीं भी ऐसी मंडी नहीं लगती है।

▸▸ **कुर्बानी के लिए सबसे अधिक ‘सिरोही नस्ल’ के बकरे की मांग**

### इस्लाम का सबसे बड़ा पर्व है ईद-उल-अजहा

इस साल ईद-अल-अजहा (बकरीद) मई को मनाई जाएगी। इसे इस्लामिक कैलेंडर के 12वें महीने ‘जुल हिज्जा’ की 10वीं तारीख को मनाया जाता है। यह इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है और रमजान के बाद आता है। यह त्योहार पैगंबर इब्राहिम की अल्लाह के प्रति कुर्बानी की भावना की याद में मनाया जाता है। मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने बताया कि कुर्बानी हर मुसलमान फर्ज है। इसे चाहे जैसे उधार लेकर या लोगों में बंटवारा करके करनी चाहिए।

### दिव्यांग किशोरी की हत्या में युवक दोषी करार, सजा पर सुनवाई आज

**अयोध्या, अमृत विचार:** दिव्यांग किशोरी की हत्या के मामले में कोर्ट ने युवक अमरेंद्र कुमार रावत उर्फ अरविंद कुमार को दोषी पाते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई 6 जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रजत वर्मा की अदालत से गुरुवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश तिवारी ने बताया कि घटना 25 जून 2020 की है। रुदौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दिव्यांग किशोरी अपने घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता और घर के अन्य लोग उसके मामा के घर शादी में गए थे। रात 8:30 बजे जब पीड़िता के परिजन घर पहुंचे तो दिव्यांग किशोरी की लाश छप्पर की बडेर से लटकी मिली। उसका पैर जमीन में छू रहा था। भाई और बहन ने उसे उतारने का प्रयास किया तो शव गिर गया। फिर भाई बहन ने इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। इसके बाद मामले की रिपोर्ट लिखाई गई। जब दिव्यांग किशोरी के परिजन शादी समारोह से वापस लौटे तो आरोपी अमरेंद्र कुमार घटनास्थल के पास ही पेड़ के नीचे खड़ा था और घटना के एक सप्ताह पहले अमरेंद्र दिव्यांग किशोरी के घर जाकर छेड़खानी किया था। इसी के आधार पर इसकी रिपोर्ट मृतका के पिता साहबदीन ने अमरेंद्र के खिलाफ हत्या और साक्ष्य नष्ट करने की धारा में लिखाई थी। शव का परीक्षण दो डॉक्टरों के पैनल से हुआ, जिसमें मृत्यु का कारण मरने से पहले गला घोटने के परिणाम स्वरूप दम घुटने के कारण हुई बताई गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने के युवक को हत्या और साक्षी छिपाने का दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। सजा के फैसले पर सुनवाई आज होगी।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 36.0° | 23.5° |

**आज के कार्यक्रम**

- प्रदेशीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सुबह 08:00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना प्रात: 10:00 बजे से।
- डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग में व्याख्यान का आयोजन प्रात: 11:00 बजे से।
- बेसिक शिक्षा विभाग में पारस्परिक स्थानांतरण को लेकर आवेदन सत्यापन प्रात: 11:30 बजे से।



चौधरी चरणसिंह घाट पर स्थित पुष्पवाटिका में पौध रोपण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में वनमंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री व अन्य।



राम कथा पार्क में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, चंद्रभानु पासवान व अभय सिंह समेत अन्य।



## हनुमानगढ़ी में उतारी बजरंगबली की आरती

अयोध्या कार्यालय। गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गुरुवार को अयोध्या का यह दौरा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व से परिपूर्ण रहा। वह विभिन्न मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा हेलीपैड पर उतरने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हनुमानगढ़ी में पूजा के बाद वे श्रीरामलला मंदिर गये।

# सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या का सोलर सिटी बनना गर्व की बात : मुख्यमंत्री

**63 करोड़ की 92 परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण और शिलान्यास**

## सरयू महोत्सव और पौधरोपण अभियान का किया आगाज

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या का देश की पहली सोलर सिटी बनना गर्व की बात है। 10 साल पहले जो असंभव लगता था, वह आज संभव हो चुका है। आज अयोध्या का वैभव देखकर लोग अभिभूत और आश्चर्यचकित हैं। अयोध्या में अब 4-लेन और 6-लेन की सड़कें, वाटर एटीएम और अन्य जनसुविधाओं का विकास हुआ है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री रामकथा पार्क में नगर निगम के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित नगर उपलब्धि समारोह में को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने 30 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित 50 विकास कार्यों का लोकार्पण और 33 करोड़ आठ लाख 81 हजार रुपये की 92 परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महापौर के नेतृत्व में नगर निगम शानदार कार्य कर रहा है। कहा कि पहले यहां बिजली, पानी और साफ-सफाई की कमी थी, लेकिन आज अयोध्या स्वच्छ और सुंदर नगरी बन चुकी है। पहले अयोध्या में लाखों श्रद्धालु आते थे, लेकिन पिछले वर्ष 16 करोड़ श्रद्धालु आए। यह नगर निगम के बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सभी पार्षदों और अधिकारियों को दो वर्ष के कार्यकाल की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या नगर निगम के दो वर्ष पूरे होने से संबंधित एक स्मारिका का भी विमोचन किया। नगर निगम से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, स्वामी गोविंद देव गिरि, यजमान डॉ. अनिल मिश्र, जगद्गुरू स्वामी संतोषाचार्य ''सतुआ बाबा'', महंत अवधेश दास, महंत रामशरण दास, महंत राजकुमार दास, मिथिलेश नंदनी शरण, रामदास, गिरीश दास, वैदेहीवल्लभ, महंत शशिकांत दास, जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चौहान, मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



**तीन महिला कर्मियों को किया सम्मानित**

मुख्यमंत्री ने नगर निगम की महिला कर्मचारियों में अमृत सखी कोमल यादव, सफाई मित्र रीता व मिथिलेश को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### आधुनिक भारत के भगीरथ हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

अयोध्या, अमृत विचार : मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई नमामी गंगे परियोजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले गंगा का जल प्रदूषित हो गया था। पिछली सरकारों द्वारा विकास के नाम पर अनियोजित और अवैज्ञानिक ढंग से कार्य करने के चलते गंगा पूरी तरह से प्रदूषित हो गई थी। नमामी गंगे के माध्यम से गंगा की अविरलता और निर्मलता को पुनर्स्थापित किया गया। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने इसकी निर्मलता का साक्षात्कार किया है।

| योजना का नाम | विवरण |
|---|---|
| मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 55 कार्यों के लिए 2148.97 लाख रुपये। |
| स्वच्छ भारत मिशन | 17 कार्यों के लिये 215.79 लाख रुपये। |
| सीवरेज एवं जल निकासी | 4 कार्यों के लिये 181.57 लाख रुपये। |
| 15वां वित्त आयोग | 15 कार्यों के लिये 613.48 लाख रुपये। |
| राज्य स्मार्ट सिटी | एक कार्य के लिए 149 लाख रुपये। |

**3038.50 लाख के 50 कार्यों का लोकार्पण**

| योजना का नाम | विवरण |
|---|---|
| पंडित दीन दयाल | 17 कार्यों के लिये 865.54 लाख रुपये। |
| कान्हा गोशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना | 2 कार्यों के लिये 319.99 लाख रुपये। |
| मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना | 31 कार्यों के लिये 1852.97 लाख रुपये |

### गंगा और सरयू का श्रीराम और उनके पूर्वजों से गहरा संबंध

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सरयू महोत्सव के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मां सरयू और भगवान श्रीराम का गहरा संबंध है। अयोध्या की पहचान मां सरयू के बिना अधूरी है। हजारों वर्षों से यह पवित्र नदी हमें दर्शन दे रही है। उन्होंने सरयू महोत्सव के आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा। उन्होंने मां गंगा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराज भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप मां गंगा धरती पर अवतरित हुईं। गंगा न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे भारत और विश्व का अन्न भंडार भरती हैं। यह दुनिया की सबसे उर्वर भूमि है।

### साकार हो रहा महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित अयोध्या का दिव्य स्वरूप

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित अयोध्या का दिव्य स्वरूप आज साकार हो रहा है। मठ-मंदिरों का सौंदर्यीकरण हो रहा है। राम की पैड़ी का विस्तार हुआ है, जहां सरयू का जल अब स्वच्छ रहता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या में मां जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, माता शबरी और निषाद राज के नाम पर वाटिकाएं विकसित की जाएं।

## सभी लगाएं 'एक पेड़ मां के नाम'



अयोध्या। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अभियान शुरू किया है। अगर हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम पर लगाए, तो पर्यावरण संकट कभी नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि सुबह लखनऊ में अपने आवास पर बेल और उसके बाद अयोध्या में सरयू तट पर पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पौधे लगाए गए हैं।

### बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाएगी भाजपा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाएगी। नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों के साथ ही हाईवे और एक्सप्रेस-वे के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हिस्सा लें।

# अद्भुत संयोग...


## 500 वर्षों बाद बालक राम और 500 दिन बाद विराजे राजाराम

- महाबली हनुमान का प्रताप, अंकों के अद्भुत संयोग से बड़ा संदेश
- मोदी और योगी को भी पसंद है अंकों का गठजोड़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में हर घड़ी एक अद्भुद संयोग बन रहा है। अब राजाराम के प्राण-प्रतिष्ठित होने के साथ तिथि को लेकर एक आश्चर्यजनक बात सामने आई। इस पर ज्योतिषी भी मंथन कर रहे हैं। 500 वर्षों बाद राम मंदिर में बालक राम विराजमान हुए तो इसके ठीक 500 दिन पर राजाराम विराजित हो गए। उनकी प्राण प्रतिष्ठा प्रथम तल पर गर्भगृह में हुई। भक्त इसे महाबली हनुमान का ही प्रताप कहते हैं।

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राजा राम के रूप में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह अनुष्ठान संपन्न किया। ब्रह्ममुहूर्त से मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल था। भव्य मंदिर में आभूषणों से भव्य श्रृंगार के साथ बैठे राजाराम को देख हर आंखों में श्रद्धा का भाव उमड़ रहा था।



### खोजने पर मिलता है कुछ यह इतिहास

लगभग 500 वर्षों का इतिहास कुछ ऐसा बताया जाता है कि 1528 ई. में बाबर ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर स्थित प्राचीन मंदिर को नष्ट कर दिया, उसके स्थान पर एक मस्जिद बनवाई। लगभग 500 वर्षों तक रामलला का विग्रह स्थापना को लेकर संघर्ष हुआ। अस्थायी पूजन अर्चन की व्यवस्था रही। 22 जनवरी 2024 में रामलला भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित हुए स्थापित किया गया, कहा जाने लगा कि राम लला 500 वर्षों बाद अपने जन्मस्थान पर विराजमान हुए।

### प्राण प्रतिष्ठा के साथ छा गए आभासी दुनिया में

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रथम तल पर राजाराम के विराजमान होने के साथ ही अभासी दुनिया में छा गए। उनकी तस्वीर सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर बिजली की तरह दौड़ रही थी। वाट्सएप की डीपी हो या फेसबुक पेज। लोगों ने तेजी के साथ राजा राम को स्थान दिया।

### पावन, शुभ और कल्याणकारी तिथि

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि का संबंध सतयुग से है। यह तिथि ज्योतिष के अनुसार अति पावन, शुभ और कल्याणकारी है। अयोध्या धाम के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पं. प्रवीण शर्मा बताते हैं कि श्रीराम जन्मभूमि में गुरुवार को हुई प्राण प्रतिष्ठा के लिए ज्योतिषीय गणना के बाद प्रमाणिक मुहूर्त तय किया गया। बताते हैं कि इस तिथि का संबंध सतयुग से रहा है। कहा कि इसी तिथि पर श्रीराम जन्मभूमि पर राजा राम भगवान के दरबार की स्थापना की गई। ज्योतिषीय गणना के बाद इस पावन तिथि के लिए प्रस्ताव दिया गया। शंकराचार्य, वासुदेवानंद सरस्वती व गोविन्दगिरी आदि संतों से प्रमाणिक करवा कर आशीर्वाद लिया गया।

### राम दरबार के दर्शन पर निर्णय सात जून

अयोध्या, अमृत विचार। राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार व अन्य सप्त मंदिरों में विधि विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा उत्सव संपन्न हो गया है। दर्शन के लिये भक्तों को अभी कुछ और समय इंतजार करना होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की सात जून को होने वाली बैठक में दर्शन व्यवस्था पर निर्णय लिया जा सकता है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक ट्रस्ट की बैठक इस बार मणि रामदास छावनी के महंत और ट्रस्ट अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव के बीच उनके आश्रम पर संपन्न होगी। राम मंदिर की प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार की प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रथम स्थल पर जाने वाले मार्ग से दर्शन करने के बाद बाहर आने के मार्ग पर रेलिंग लगाए जाने का कार्य शेष बचा हुआ है। जल्दी इस कार्य को पूरा करने के बाद ट्रस्ट दर्शन व्यवस्था पर निर्णय लेगा। बताया कि परकोटा कॉरिडोर का कार्य अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, मंदिर में चल रहे पत्थरों के कार्य के कारण दो भुजाओं पर कोट का कार्य बाधित रहा। अब जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें लगभग दो माह से अधिक का समय लग सकता है।

# मुख्य परिसर में स्थित इन मंदिरों में हुई देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा



राममंदिर के परकोटे में स्थापित भगवान सूर्यदेव।



राममंदिर के परकोटे में स्थापित गणेश।

अयोध्या। मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला मंदिर के मुख्य परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में भी गये, जहां विभिन्न देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। श्रीराम दरबार और शेषावतार के साथ जिन मन्दिरों में प्राण प्रतिष्ठा हुई वे हैं परकोटा के ईशान कोण पर स्थित शिव मंदिर, अग्निकोण में गणेशजी, दक्षिणी भुजा के मध्य में हनुमानजी, नैऋत्य कोण में सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती के साथ परकोटा की उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता प्रतिष्ठित हुईं। ये सभी प्रतिमाएं सफेद संगमरमर से निर्मित हैं। इन सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह वैदिक रीति से संपन्न हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री ने सक्रिय रूप से भाग लिया। त्रिदिवसीय समारोह के अंतिम दिन सुबह साढ़े छह बजे से आह्वानित देवताओं का यज्ञमंडप में पूजन प्रारम्भ हुआ जो दो घंटे चला। इसके पश्चात नौ बजे से हवन शुरू हुआ जो घंटे भर चला। बाद में केंद्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत एक साथ सभी देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारम्भ हुआ।

### श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह लगते रहे जय श्रीराम के उद्घोष

मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान श्रीराम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अपनी भक्ति और उत्साह का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और उनके साथ अपने जन्मदिन की खुशी साझा की। श्रद्धालुओं ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु की कामना की।

# आस्था को सूर्यदेव का नमन, श्रद्धालुओं ने किया सरयू का आचमन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में बालक राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद गुरुवार को राजाराम दरबार समेत श्रीराम जन्मभूमि परिसर में विभिन्न देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर पहुंचे श्रद्धालुओं की आस्था को सूर्यदेव भी नमन किया। देह झुलसा देने वाली धूप के बाद भी यहां पहुंच रहे श्रद्धालुओं ने जहां दर्शन का पुण्य अर्जित किया। वहीं सलिला सरयू का आचमन कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। यह अलग बात है कि पहले प्राण प्रतिष्ठा जैसा श्रद्धालुओं का सैलाब तो नहीं था, लेकिन जो भी पहुंचा वह अपनी भावनाओं को नेत्रों को सजल कर प्रकट करता रहा।

द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कर्नाटक से पहुंचा रामभक्तों का जत्था नया घाट से नंगे पैर रामलला के दर्शन के लिए बढ़ रहा था। जत्थे में 70 से 80 साल की महिलाएं भी थीं, लेकिन उनके पग रामपथ पर ठहर नहीं रहे थे। जत्थे का नेतृत्व कर रहे मनुहारी सिद्धअप्पा ने बताया कि अयोध्या धाम हम लोग कल ही आ गए थे। पहली प्राण प्रतिष्ठा में भी आए थे। अब राम दरबार की भी प्राण प्रतिष्ठा में भी। उन्होंने बताया कि जत्थे में कुल 40 लोग हैं जो आज रामलला और रामदरबार का दर्शन कर ही वापस जायेंगे। मुनिअप्पा(60) ने कहा यहां कोई आता नहीं है बल्कि रामलला बुलाते हैं। बोलीं बताओ राम से बड़ा कौन है? कहा सूरज कितना भी आग बरसा ले कोई चिंता नहीं, आए हैं तो दर्शन करके ही जायेंगे। इस जत्थे ने नयाघाट पर 55 बार जय श्री राम का जयघोष किया और आगे बढ़ गया। सरयू स्नान के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी का दर्शन किया फिर श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे।



अयोध्या धाम पहुंचा कर्नाटक से आए श्रद्धालुओं का जत्था। अमृत विचार

**आस्था**

- राम दरबार और मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा पर पहुंचे भक्त दिखे अभिभूत

महाराष्ट्र से आए अशोक पाणिग्रह परिवार के साथ दर्शन के लिए आए थे। बोले आज दर्शन नहीं मिला तो कल करेंगे। अब अयोध्या धाम आए हैं तो रामलला के दर्शन किए बिना जाना पाप करने समान होगा। उन्होंने कहा अयोध्या अभिभूत ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता का भी संदेश देतीं हैं। पुणे से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि लाइन में लग कर आसानी और सुविधा से दर्शन किए। कहीं कोई रोक टोक नहीं हुई। अब रामदरबार के दर्शन की इच्छा है। बालक राम जरुर पूरी करेगें। दोपहर 12 बजे होने के बाद भी श्रद्धालु तपिश में दर्शन की आतुरता में रामपथ के फुटपाथ पर तीखी धूप में बैठे प्रतीक्षा करते दिखे। उत्तराखंड से आए श्रद्धालुओं महेश कुमार वर्णवाल, डॉ. भिषमा और शंकुलता वाणी ने बताया कि जब हमारे घर के मुख्यमंत्री चले जायेंगे तब तो दर्शन मिलेगा ही। कहा हमें गर्व है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तराखंड के हैं और उत्तराखंडियों का सम्मान बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सादगी और संस्कार युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। इन लोगों ने बताया कि अभी भी मुख्यमंत्री का परिवार बेहद सामान्य ढंग से रहता है। राम मंदिर दर्शन मार्ग पर बहुत रेला तो नहीं दिखा लेकिन श्रद्धालुओं का यहां पहुंचना अनवरत जारी रहा। दोपहर डेढ़ बजे तक श्रद्धालु का आवागमन जारी रहा। वहीं इससे पहले सरयू तट पर सरयू मैया के आचमन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। जिला प्रशासन की ओर से हर घाट पर जल पुलिस के अतिरिक्त दो-दो महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

### मुस्लिम महिला ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में राम दरबार और विभिन्न मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गुरुवार को एक मुस्लिम महिला ने भी रामलला के दर्शन किए। इसे लेकर खासी चर्चा रही। सुरक्षा कारणों से मुस्लिम महिला का नाम नहीं बताया गया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे एक मुस्लिम महिला एक अन्य महिला के साथ रामलला के दर्शन महिला बुर्का पहनकर मंदिर पहुंची। महिला पुलिसकर्मी ने उन्हें मीडिया से बचाते हुए रामलला के दरबार तक पहुंचाया। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने जब बुर्का पहनी महिला को देखा तो वे आश्चर्यचकित रह गए। मुस्लिम महिला कौन थी और कहाँ से आई थी इसकी जानकारी नहीं हो सकी।



रामलला की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से किया दर्शन-पूजन

श्रीरामलला मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा की और उनकी आरती उतारी। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। मुख्यमंत्री ने भक्तों के साथ संवाद किया और उनकी शुभकामनाएं स्वीकारीं। उन्होंने गुरुवार को श्रीरामलला मंदिर में हुए श्रीरामदरबार सहित 7 अन्य मंदिरों में देव विग्रहों की स्थापना के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी सनातन धर्मावलंबियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### जिला अस्पताल में हृदय रोगियों का लोहिया के डॉक्टर करेंगे इलाज

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में कोई हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं है, लेकिन अब रोगियों को प्राथमिक उपचार जरूर मिल जाएगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत इमरजेंसी ओपीडी में एक बेड आरक्षित किया गया है। यहां आने वाले मरीज को प्राथमिक उपचार देने के लिए लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय के हृदय रोग विशेषज्ञ की मदद ली जाएगी। सीएमएस डॉ.एके सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि हमारे यहां हृदय रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त चल रहा है। कई बार ऐसा होता है मरीज इमरजेंसी आते हैं, लेकिन गोल्डन पीरियड में उपचार नहीं शुरू हो पाता। इसके लिए एक नई योजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत एक ग्रुप बनाया गया है, जिसमें लोहिया चिकित्सालय के हृदय रोग विशेषज्ञों को जोड़ा गया है। मरीज के आने के बाद 30 मिनट तक लोहिया के चिकित्सक से परामर्श लेकर इलाज किया जाएगा। अगर हालत गंभीर होती है तो उसे लोहिया रेफर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ओपीडी में ईसीजी मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर रखवाया गया है। इसके साथ ही सभी फार्मासिस्टों को प्रशिक्षित भी किया गया है।

### स्वर्ण भारत सम्मान से सम्मानित होंगे डॉ. तन्हा

**अयोध्या, अमृत विचार :** वाह वाह मेगा विनर-2006, अवध रत्न सम्मान से साहित्य गौरव सम्मान, भारत गौरव सम्मान और तुलसी भाषा सम्मान-2024 जैसे सैकड़ों सम्मान प्राप्त करने वाले अयोध्या निवासी डॉ. ताराचन्द्र तन्हा (हास्य-व्यंग्यकार) को इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकाड्र्स से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान दिल्ली के मुक्ता ऑडिटोरियम में आठ जून को दिया जाएगा। यह सम्मान तन्हा को उनके साहित्यिक योगदान के लिए दिया जा रहा है। उनके परिवार के साथ काव्य प्रेमियों में खुशी है।

### विधायक ने मां कामाख्या धाम में काटा 53 किलो का लड्डू केक


लड्डू का केक काटने के बाद विधायक रामचंद्र व अन्य।

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिन पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने विशेष आयोजन किया। गुरुवार को मां कामाख्या धाम मंदिर परिसर में 53 किलो का लड्डू केक काटकर प्रसाद वितरण किया गया। विधायक ने मुख्यमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी दीर्घायु की कामना की। कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी भगवान राम के प्रति समर्पित थे, उसी प्रकार मुख्यमंत्री आदित्यनाथ देश के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य करते रहें। योगी आदित्यनाथ का अयोध्या से विशेष जुड़ाव रहा है। उनके दादा गुरु महंत दिग्विजय नाथ और गुरु महंत अवैद्यनाथ ने राम जन्मभूमि आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में मां कामाख्या धाम नगर पंचायत चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश तिवारी, निर्मल शर्मा, राज किशोर सिंह, जगप्रसाद रावत, राम नेवल लोधी, मनोज मिश्रा, बृजकिशोर मिश्र पुजारी कामाख्या धाम, अजीत सिंह सभासद, राकेश यादव सभासद, राजेन्द्र बहादुर सिंह, उमाशंकर सिंह, राजेन्द्र सिंह, बैजनाथ यादव सहित अन्य लोग थे।

### सेवा संस्थान ने नि:शुल्क भोजन और जल वितरण किया

**अयोध्या, अमृत विचार :** अभिषेक मेमोरियल सेवा संस्थान के तत्वावधान में बीकापुर खजुरहट के निकट ग्राम सभा रामनगर चौकिया में मुफ्त भोजन व जल वितरण का कार्यकम चलाया गया। अध्यक्ष/ सचिव अमिता पाण्डेय, सदस्य अंकित सिंह, विनय सिंह, राहुल पाण्डेय, ग्राम प्रधान अशोक कुमार यादव सहित दर्जनों लोगों के साथ असहाय व गरीबों को मुफ्त भोजन व पानी का वितरण किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि गरीब व असहाय की मदद करने से आत्मा को संतुष्टि मिलती है। लगभग 200 गरीबों की मदद की गई।

# पीढ़ियों के जीवन को संरक्षित करने को करें पौधरोपण

## पौधरोपण से हम सभी स्थायी हरित भविष्य की ओर बढ़ें: प्रो. शैलेंद्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रो. विनोद श्रीवास्तव रहे।

उन्होंने कहा कि आज के बदलते हुए पर्यावरणीय स्थिति के अन्तर्गत पौधरोपण का महत्व बहुत ही बढ़ गया है। पौधरोपण का अर्थशास्त्र हमें यह बताता है, कि यदि हमें अपने जीवन के साथ-साथ अपनी पीढ़ियों के जीवन को संरक्षित करना है तो हमें अधिक से अधिक पौधरोपण का कार्य करना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ अंकुर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में छात्रों को औषधीय पौधों के फायदे के बारे में जानकारी दी। डॉ. विमल यादव, कुणाल अगम, विष्णु यादव, दीपा यादव, विनीत भारती, पूनम सिंह, अवनीश, मोहम्मद तलहा मौजूद रहे।


अवध विवि में गुरुवार को पर्यावरण पर पौध करते शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधरोपण


विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते हुए।

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल सचिव प्रो. एसएस मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो. सुरेंद्र मिश्रा अधिष्ठाता छात्र कल्याण व राजेश पाण्डेय ने पौधरोपण किया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों सहित एसएफडी प्रांत संयोजक शिवम मिश्रा ने पौधरोपण किया। महानगर संयोजक प्रियांशु तिवारी ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, इसका संरक्षण हमारा मूल कर्तव्य है। इस दौरान परमहंस कालेज के प्राचार्य सुनील तिवारी, प्रांत छात्रा प्रमुख डॉ. मोनिका परमार, अंकित भारतीय, उत्कर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण के लिए प्लास्टिक एक बड़ी त्रासदी: प्रो. सिद्धार्थ


अवध विवि में आयोजित संगोष्ठी के दौरान मौजूद शिक्षक और छात्र-छात्राएं।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पर्यावरण विभाग के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने कहा दैनिक जीवन में जिस प्रकार जनमानस में प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है, धीरे-धीरे यही प्लास्टिक मानव व अन्य जीवों के शरीर में भी प्रवेश कर रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि प्लास्टिक वर्तमान पर्यावरण के लिए एक बड़ी त्रासदी के रूप में उभर रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी अजय सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से एक गंभीर पर्यावरणीय खतरा उत्पन्न हो रहा है। बढ़ता शहरीकरण एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती बन रहा है। बोर्ड के सदस्य अभिषेक कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 1972 से संयुक्त राष्ट्र की पहल के बाद से मनाया जा रहा है। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. फर्रुख जमाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पर्यावरणीय शिक्षा को प्राथमिक स्तर से बच्चों में विकसित करना होगा। डॉ. रंजन सिंह, डॉ. अरविंद वाजपेई, डॉ. रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. जैनेंद्र, डॉ. नवीन पटेल, अमित सिंह, डॉ. पीयूष राय, बृजेश, राजकुमार प्रजापति, शुभम, आकांक्षा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधरोपण

**मिल्कीपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत डीहभरथी के राजकुमार पांडेय ने प्राथमिक विद्यालय के सहभागियों के साथ आम व जामुन का पौधा विद्यालय प्रांगण में लगाकर एक वृक्ष मां के नाम के संकल्प को पूरा किया। मौके पर ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार, लेखपाल अमित कांत दुबे, प्रधानाध्यापक राम केवल यादव, महेंद्र तिवारी, (फौजी) शाहबा बाद ग्रंट प्रधान शत्रोहन तिवारी, राम बहादुर दुबे व अन्य लोग मौजूद रहे।



### पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है: लक्ष्मी सिंह

**पूराबाजार।** भारतीय जनता पार्टी पूरा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के नारायणपुर गांव में महिलाओं के साथ पौधरोपण किया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने देव वृक्ष, फलदार वृक्ष, छायादार वृक्षों के दर्जनों पौधे गांव की महिलाओं के साथ रोपित किया। पूर्व प्रधान रज्जू चौरसिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश चौरसिया, नीलम चौरसिया, श्यामा देवी, अमरावती देवी, सीता चौरसिया, सुशीला, सविता पांडे, प्रिया देवी, सुनीता देवी, पूजा देवी, माया गौड़ सहित अन्य लोग थे।

# प्रदेशीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में जिला बैडमिंटन संघ की देखरेख में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित तीन दिवसीय प्रदेशीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता गुरुवार को शुरू हुई। आयोजन सचिव अनूप दुबे ने बताया कि अंडर-13 बालक-बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का 7 जून को पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों लगभग 200 बालक व बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें कानपुर के रवि दीक्षित मुख्य निर्णायक की भूमिका में हैं। पहले दिन हुई प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कार्तिकेय ने आयुष को 30-5 से, अंश ने रेयांश को 30-6 से, वेदांत ने मोक्ष को 30-6 से, सार्थक ने यश को 30-6 से, शौर्य ने श्रेयांश को 30-13 से, निशांत ने पवन को 30-6 से, रुशांक ने भविष्य को 30- 13 से, अविरल ने आदित्य को 30-9 से, शिवांश ने अनंत को 30-9 से, यथार्थ ने दिव्यांश को 30-21 से, आव्यान ने शुभ को 30-12 से हराया। बालिका वर्ग में आरुषि ने किमाया को 30-15 से, एंजेल ने सान्वी को 30-6 से, साची ने लक्ष्मी को 30-11 से, अरीबा ने आर्या को 30-19 से, श्रीनिधि ने अराध्या को 30-4 से, ओजस्वी ने प्रज्ञा को 30- 13 से, स्पृता ने मिताशी को 30-26 से, रिधिका ने पाखी को 30-11 से, अरायना ने येशा को 30-18 से, ऐश्रिया ने अपूर्वा को 30- 24 से, साची ने शिनाया को 30-26 से, रिद्धि ने ओजस्वी को 30- 25 से, रिद्धिमा ने जागृति को 30-4 से पराजित किया। इस मौके पर खिलाड़ी ऑफिशियल, प्रशिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**पहले दिन खिलाड़ियों ने विजय अभियान से किया आगाज**

### फर्जी दस्तावेज के आधार पर बैनामा करने वाला गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन का बैनामा कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शहर कोतवाल अशिवनी पांडेय ने बताया कि आरोपी विवेक कुमार सोनी निवासी तेलियागढ़ थाना गोसाईगंज ने बैनामा शुदा जमीन को धोखाधड़ी व कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अनुराधा जायसवाल के पक्ष में दोबारा विक्रय कर दिया था। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट 31 मई को दर्ज कराई थी। बताया कि आरोपी को गुरुवार की सुबह सिविल लाइन इलाके से पकड़ कर उसका चालान कर दिया गया है।



# जल और जमीन को संरक्षित करने का लिया संकल्प

## विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

संवाददाता, बलरामपुर/पचपेड़वा

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पौधरोपण कर लोगों ने जंगल जल और जमीन को संरक्षित रखने का संकल्प भी लिया साथ ही साथ सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने की भी अपील की गई।

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप ग्रामोदय इंटर कॉलेज के कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल शोध संस्थान थारू जनजाति सांस्कृतिक संग्रहालय इमिलिया कोडर पचपेड़वा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। और आक्सीजन छोड़ते हैं और शुद्ध वायु ,प्राण दायक जड़ी बूटियां, लकड़ी, फल आदि प्रदान करते हैं। इसलिए हम सबको वृक्ष लगाना चाहिए और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए हम सब संकल्प लेते हैं कि सिंगल युज प्लास्टिक को बंद करके सूती कपड़े, कागज तथा पेड़ों के पत्तों से बनने वाले लिफाफे, दोना, पत्तल, गिलास आदि का उपयोग करें।



विश्व पर्यावरण दिवस पर मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में पौधरोपण करते कुलपति। अमृत विचार

इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, विद्यालय के शिक्षक राहुल मिश्रा, विजय बहादुर वर्मा, वन पूर्व प्रधान मंगल प्रसाद थारू एवं थारू संग्रहालय के कार्यकर्ता तथा विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में वृहद पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने का संकल्प लिया गया।



दीनदयाल शोध संस्थान स्थित इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते लोग। अमृत विचार


विजन पुलिस लाइन में पौधरोपण करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### वृक्ष हैं तभी जीवन संभव है : प्रो. रविशंकर

मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर में पर पौधरोपण करते हुए कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह ने कहा कि यदि वृक्ष है तभी जीवन संभव है इसलिए हमें पेड़ों को संरक्षित कर पर्यावरण बचाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिए। 51 सी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के अधिकारियों तथा कैडेटों ने वृहद पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।विश्व पर्यावरण दिवस पर "एक वृक्ष मां के नाम" के तहत बिशुनपुर टनटनवा ग्राम पंचायत में पर्यावरण रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व अवर अभियंता लघु सिंचाई शिवनाथ गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिव संजय मिश्रा और ग्राम प्रधान अब्दुल वहाब ने किया।



पौधरोपण करते सदर विधायक और डीएम। अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए रहेंगे प्रयासरत

डीएम पवन अग्रवाल और विधायक पल्टूराम ने ग्राम हंसुआडोल में पौधरोपण किया और सुआंव नदी के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक पल्टूराम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी को अपनी सहभागिता देनी चाहिए और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से जुड़कर पौधरोपण करना चाहिए।

## एक नजर

### पेड़-पौधों के महत्व को समझना होगा : सीएमओ

**बलरामपुर** : मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें धरातल पर कार्य करना चाहिए और पेड़-पौधों के महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से हमें प्राणवायु मिलती है और मानव जीवन के लिए उनकी आवश्यकता है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने और पौधारोपण करने की शपथ ली। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### किसान यूनियन ने सौंपा मांगपत्र

**गैंसड़ी, बलरामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने गैसड़ी में 6 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अवनींद्र कुमार पांडे को सौंपा। मांगों में अस्पतालों में भ्रष्टाचार की जांच, आयुष्मान कार्ड में धांधली की जांच, पशुपालकों को शेड देने, फसल बीज निशुल्क उपलब्ध कराने, साफ-सफाई और दवा छिड़काव कराने और हर घर जल योजना की समस्याओं का समाधान शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में सियाराम विश्वकर्मा, अरविंद तिवारी, गौतम प्रसाद ओझा और पृथ्वी यादव समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### अवैध मिट्टी खनन पर ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**करनैलगंज** : ग्राम नगवा कला के पास बिना अनुमति के अवैध मिट्टी व बालू खनन की सूचना पर बुधवार को तहसीलदार अनु सिंह ने दबिश दी। मौके पर दो ट्रैक्टर-ट्रालियां पाई गईं, जिनमें से एक ट्राली पर मिट्टी लदी हुई थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए तहसीलदार ने उसे जब्त कर कोतवाली में सुपुर्द कर दिया। दूसरी ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी न पाए जाने के कारण उसे छोड़ दिया गया। इस कार्रवाई से अवैध खननकर्ताओं में खलबली मच गई। ट्रैक्टर छुड़वाने के लिए खनन माफिया प्रयास करते नजर आए। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से यह साफ संकेत गया कि अवैध खनन पर अब सख्ती बरती जाएगी। तहसीलदार अनु सिंह ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अवैध खनन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर युवती को भगाया, मुकदमा दर्ज

**परसपुर, गोंडा।** नगर पंचायत परसपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 21 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप एक युवक पर लगाया है। इस संबंध में परसपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि युवती को 2 जून को दोपहर लगभग 12 बजे शुभम् सैनी निवासी चमरूपुर बाजार, थाना उतरौला, जनपद बलरामपुर ने शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कृषक उत्पादक संगठनों के गठन से बढ़ेगी आय

**गोंडा** : विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत दिनांक 05 जून 2025 को विकासखंड बभनजोत के ग्रामों करौहा, सैदापुर तथा बड़हरा जनपद गोंडा में कृषकों को वैज्ञानिक खेती के साथ ही कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार गोस्वामी ने गन्ना की वैज्ञानिक खेती, गन्ना के साथ सह फसली खेती, गन्ना में कीट व रोग प्रबंधन, खरीफ फसलों में फसल सुरक्षा, फसल अवशेष प्रबंधन, डॉ .आलोक ने गन्ना की उन्नतशील प्रजातियां, कृषक उत्पादक संगठनों की उपयोगिता, कृषि अवसंरचना निधि, कस्टम हायरिंग सेंटर, मशरूम उत्पादन तकनीक आदि की जानकारी दी।

### उखाड़ दी सड़क, प्रधान पति ने दी तहरीर

**धानेपुर।** ग्राम पंचायत बिहुरी में कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्य को उखाड़ने का आरोप लगाते हुए प्रधान पति ने तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिहुरी के रहने वाले सीताराम वर्मा के मुताबिक उनकी पत्नी सरिता वर्मा मौजूदा ग्राम प्रधान हैं। बताया कि ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा था। आरोप लगाया है कि इसी दौरान सगे भाई सालिक राम व राम उजागर ने एजिंग उखाड़ कर इंटरलाकिंग फेंकने लगे।और मारपीट पर उतारू हो गए धमकी दिया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## वेतन भुगतान की पत्रावली कर्नलगंज लेकर आओ, तब होगा भुगतान

- मंडी सचिव व बाबू की कार्यशैली से परेशान हो रहे कर्मचारी
- भुगतान न होने से कर्मचारियों में आक्रोश

**गोंडा, अमृत विचार** : कृषि उत्पादन समिति में समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी करनैलगंज मंडी का मामला शांत ही नहीं हुआ कि गोंडा मंडी की भी समस्या सामने आने लगी हैं। मंडी सचिव और लिपिक की लापरवाही के चलते कर्मचारियों का वेतन खाते में नहीं आया है, जिससे कई कर्मचारी परेशान हैं।

कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा तथा करनैलगंज दोनों मंडी के सचिव मुकेश जायसवाल हैं। मंडी प्रशासन की ओर से दोनों मंडियों की जिम्मेदारी इनको दी गई है। अभी कुछ दिन पहले कर्नलगंज मंडी के कर्मचारियों ने ही मंडी सचिव व एक और कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए मंडी के उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की थी। जिस पर मंडी सचिव को फटकार मिली थी और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। इतना सब होने के बाद भी मंडी सचिव के कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं आया। अब समस्या गोंडा मंडी समिति की सामने आ रही है। बताया जाता है कि अभी तक कर्मचारियों के खाते में वेतन नहीं आया है, जिसके चलते लोग परेशान हैं। जब कोई कर्मचारी वेतन को लेकर मंडी सचिव से बात करता है तो वह तरह-तरह की बातें कहने लगते हैं। इसलिए कोई कर्मचारी मुखर होकर कोई बात कह नहीं रहा है। आरोप यह भी है की मंडी सचिव समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। बताया जाता है कि गुरुवार को बड़ी मुश्किल से 25 मिनट वह कार्यालय में बैठे और उसके बाद उठकर चले गए जब कर्मचारियों ने वेतन भुगतान की बात कही। उन्होंने कहा कि कर्नलगंज हैं, वहीं पत्रावली लेकर आओ तब वेतन संबंधित कार्य होगा। फिलहाल मंडी सचिव के कार्य शैली से व्यापारी, किसान, कर्मचारी सभी लोग परेशान हैं, यदि कोई समस्या निस्तारण के लिए आता है तो वह अक्सर मिलते ही नहीं है। इस संबंध में जब मंडी सचिव मुकेश जयसवाल से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनसे बातचीत नहीं हो सकी।

## निर्माण कार्य में देरी पर सख्त हुए सीडीओ

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण और मरम्मत कार्यों में लगातार हो रही देरी को लेकर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने वर्चुअल समीक्षा बैठक के माध्यम से वर्ष 2023-24 में स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में यह पाया गया कि कई केंद्रों के निर्माण कार्य अब तक पूरे नहीं हुए हैं। जबकि जो कार्य पूरे हो चुके हैं उनका भी समय से हैंडओवर नहीं किया गया है। इस लापरवाही पर सीडीओ ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यों को शीघ्र पूरा कर हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीडीओ ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों की रिपोर्ट साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया कि विभागीय शासनादेश और गाइडलाइन को सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ तत्काल साझा किया जाए। ताकि निर्माण कार्यों की गति के साथ-साथ गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जा सके।

## सार-संक्षेप

### 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग का प्रशिक्षण संपन्न

**गोंडा** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में अयोध्या रोड स्थित जयपुरिया स्कूल में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग सामान्य में अवध प्रांत के 26 जिलों से आए हुए प्रशिक्षणार्थियों ने 15 दिवस तक कठिन चरणों से गुजर कर निपुण शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण वर्ग का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र व समाज की रक्षा के लिए व्यक्ति निर्माण का कार्य करता रहा है। इस के लिए पूरे देश में 105 स्थानों पर मई और जून माह में 60 हजार स्वयंसेवक इसी प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग में कठोर साधना कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 100 वर्षों से राष्ट्र की मौन आराधना में सेवारत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी नारायण मंदिर के पूज्य देव प्रकाश स्वामी ने की। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने 15 दिवस में प्राप्त प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। प्रांत प्रचारक कौशल, सह प्रांत प्रचारक संजय, प्रचारक प्रमुख यशोदा नंद, सह कार्यवाह संजय, प्रशांत भाटिया, कृष्ण चंद्र, कृष्ण कुमार, अभिमन्यु वाल्मीकि, सौम्य अग्रवाल, अमित गुप्ता, श्रीमान सिंह, अश्विनी, रविंद्र गोस्वामी, पंकज अग्रवाल, राकेश वर्मा गुड्डू, शैलेंद्र सिंह, भरत गिरी, ओमप्रकाश सोनी, कोमल, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा, विधायक गण रमापति शास्त्री, प्रभात वर्मा, बावन सिंह, अजय सिंह, प्रतीक भूषण सिंह, सुभाष त्रिपाठी अनुपमा जायसवाल, साकेंद्र वर्मा सहित संघ विचार परिवार के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल विद्यार्थी परिषद मजदूर संघ किसान संघ भाजपा सहित आने को संगठन के पदाधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### छप्पर छाजन को लेकर विवाद, मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार** : वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विरहमतपुर निवासी मंगरे चौहान ने थाने पर तहरीर दिया है कि पैतृक जमीन पर छप्पर छाजन के विवाद को लेकर उसके चाचा कन्हैया चौहान चाची ननका व चचेरी बहन सीमा, गुडडी ने गांव के रास्ते पर रोककर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मुक्का थप्पड़ लाठी डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। बीच बराव करने आई पत्नी की भी पिटाई की गयी। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### खेत में हिस्सेदारी को लेकर विवाद, केस

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज के ग्राम पंचायत रामपुर पूरेडाढू निवासिनी मम्मी तिवारी पत्नी रत्नेश तिवारी ने थाने पर तहरीर दिया है कि रविवार को दोपहर खेत के हिस्सेदारी के विवाद को लेकर विपक्षी सतीश शुक्ल अपने पुत्र प्रबीण कुमार शुक्ला, संदीप कुमार शुक्ला, रजनीश कुमार शुक्ला निवासी राजापुर भरोसा ने पीड़िता समेत जेठानी बिन्दू तिवारी पत्नी अंजनी कुमार तिवारी, सुभा तिवारी पत्नी आनन्द कुमार तिवारी, अनीता तिवारी पत्नी अरविंद कुमार तिवारी को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मुक्का थप्पड़ से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बोर्ड बैठक में विकास की तय की गई रूपरेखा

**गोंडा** : नगर पालिका परिषद गोंडा में गुरुवार को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उज्मा राशिद तथा संचालन नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने किया। बोर्ड बैठक में प्रकाश व्यवस्था, नाली निर्माण, जल कल ऑफिस का पुनरुद्धार का प्रस्ताव पारित किया गया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने पुराने प्रस्तावों को सभासदों के बीच रखा, जिस पर भी चर्चा की गई। उनके द्वारा पालिका के आय व व्यय की रूपरेखा बताई गई। सभी सभासदों ने अपने-अपने मोहल्ले के बारे में विकास को लेकर प्रस्ताव रखा जिस पर विचार करने का आश्वासन भी दिया गया है। बैठक में सभासदों में शाहिद अली कुरैशी, संदीप पांडे समेत अन्य सभासद मौजूद रहे।

### करंट लगने से बालिका की मौत

**मनकापुर (गोंडा)।** विद्युत स्पर्शाघात से एक बालिका की मौत हो गयी। कोतवाली मनकापुर के अन्तर्गत पुलिस चौकी मछली बाजार के गांव महेवा नानकार में पिंकी पुत्री राम अधार यादव उम्र 15 वर्ष सुबह करीब 10 बजे छत पर गयी थी जहाँ ऊपर से जा रहे विद्युत तार में स्पर्श होने से वह घायल हो गयी, आनन फानन में परिजनों द्वारा सीएचसी मनकापुर लाया गया। सीएचसी के डाक्टर आलोक चौधरी ने हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इस मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचायतनाम करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जहा से देर शाम शव को महेवा नानकार लाया गया।

## रिक्रूट आरक्षी के प्रशिक्षण से पहले हो पूरी तैयारी : एसपी


निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : जिले में आने वाले रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी लिया। एसपी ने आरटीसी प्रशिक्षण के लिये प्रस्तावित बैरकों, क्लासरूम, आवासीय परिसर, स्नानघर, शौचालय, भोजनालय सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया।

**771 रिक्रूट आरक्षी को दिया जाना है प्रशिक्षण :** जिले में जेटीसी के लिये 771 रिक्रूट आरक्षियों का आगमन प्रस्तावित है, जिसमें 618 पुरुष एवं 153 महिला आरक्षी शामिल हैं। इनमें से आरटीसी के लिये 500 पुरुष रिक्रूटआरक्षी रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। तैयारियों को समयबद्ध एवं सटीक रूप से पूर्ण किए जाने के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उर्वरकों के वितरण में अनियमितता पर होगी सख्त कार्रवाई

**बलरामपुर।** किसानों को अनुदानित उर्वरकों का लाभ पारदर्शी तरीके से दिलाने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा ने जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अनुदानित उर्वरकों का वितरण पूरी तरह नियमों के तहत किया जाए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि उर्वरकों का एक-एक दाना सही और पात्र किसानों तक ही पहुंचे यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। कई बार किसान यह कहकर उर्वरक खरीदते हैं कि वे उसे बटाईदार के खेत में उपयोग करेंगे ऐसे मामलों में भी पूर्ण पारदर्शिता जरूरी है। कृषि अधिकारी ने निर्देश दिया है कि उर्वरक विक्रेता हर हाल में खेत मालिक का आधार कार्ड लें और पीओएस मशीन में उसका आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी सत्यापन के बाद ही उर्वरक वितरित करें। पीओएस मशीन में 'सेल्फ' और 'अन्य' विकल्प में से 'अन्य' का चयन करते हुए बटाईदार और खेत मालिक दोनों का विवरण दर्ज किया जाए। उर्वरक की मात्रा खेत की जोत और फसल की आवश्यकतानुसार ही निर्धारित की जाए। हर खरीद के साथ खरीदार का आधार कार्ड और जमीन का अभिलेख सुरक्षित रखा जाए।

## आग से 24 बकरियों की जल कर मौत, दो लोग झुलसे

- कई घरों का सामान व गृहस्थी पूरी तरह से जलकर राख

संवाददाता, उमरी बेगमगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : स्थानीय ग्राम पंचायत के बाबा कुटी में अज्ञात कारणों से लगी आग में दो दर्जन बकरियों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक गाय व दो लोग बुरी तरह से झुलस गये। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना के बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बृहस्पतिवार को करीब 10 बजे उमरी बाबा कुटी में अचानक लगी आग से जगदंबा व धर्मपाल की पूरी गृहस्थी जेवर व नगदी जलकर खाक हो गई। मिंता पत्नी निरहू की पूरी गृहस्थी जल गई व चार बकरियों की जलकर मौत हो गई। बृजेश की पूरी गृहस्थी सहित दो बकरियों की जलकर मौत हो गई। प्रीति पत्नी करमचंद की एक गाय बुरी तरह से झुलस गई, जिसका इलाज जारी है। शांति पत्नी सुशील की पूरी गृहस्थी जेवर व 20 बकरियों की जलकर मौत हो गई। वहीं बाबादीन का पशु शेड जलकर खाक हो गया। इस अग्निकांड में देवी (65) व सुनील (35) भी बुरी तरह से झुलस गए, जिसमें देवी की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल रामेश्वर तिवारी ने छति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। इस बाबत एसडीम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना ने बताया कि जल्द ही राहत मुहैया कराई जाएगी। जिला पंचायत सदस्य सीपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

पर्व | ईद-उल-अजहा की तैयारियां जोरों पर

## कुर्बानी के लिए सजा बकरों का बाजार

संवाददाता, बलरामपुर/ उतरौला

**अमृत विचार।** शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की तैयारियां पूरी रफ्तार पकड़ चुकी हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी जोरों पर है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है और कुर्बानी के जानवरों की बिक्री इस समय अपने चरम पर है।

विशेषकर जमुनापारी, राजस्थानी, सरोही, बुजरी, कश्मीरी, अफ्रीकन और बाबरी नस्लों के बकरे लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। स्थानीय स्तर पर बरदाही बाजार, मसूदिया पार्क, पेहर, तथा पकड़ी महादेया जैसे स्थानों पर विशेष पशु बाजार लगाए गए हैं, जहां बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्राहक जुट रहे हैं। ईद-उल-अजहा केवल कुर्बानी का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और सामाजिक सहयोग का प्रतीक है। इस पर्व को लेकर धार्मिक स्थलों पर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जामा मस्जिद उतरौला के इमाम मोहम्मद अख्तर रज़ा ने जानकारी दी कि नमाज़ दिनांक 7 जून, शनिवार को अदा की जाएगी।


बकरीद में कुर्बानी के लिए सजा बकरों का बाजार। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि नगर और आस-पास की करीब 12 मस्जिदों में नमाज़ अदा कराई जाएगी, जिसमें ईदगाह, जामा मस्जिद सहित छोटी-बड़ी मस्जिदें शामिल हैं। नमाज़ के लिए साफ-सफाई, पानी, और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी तैयारी की जा रही है। प्रशासन की ओर से भी त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी जरूरी इंतज़ाम किए जा रहे हैं।

## बकरीद में चाक-चौबंद रहेगी सफाई की व्यवस्था



बकरीद की तैयारी बैठक में मौजूद अध्यक्ष व सभासद। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्शनगर पालिका परिषद के सभागार में अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के अध्यक्षता में बकरीद की तैयारी एवं व्यवस्था के लिए सभासदों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों से सुझाव लेकर सभी ईदगाहों, मस्जिदों, कब्रिस्तान में सफाई चूना, पानी की पर्याप्त व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये है। अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि झारखंडी सरोवर का सुंदरीकरण निर्माण पर्यटन स्थल के रूप में किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा स्थाई कर्बला का निर्माण नहरबालागंज बाईपास पर कराया जा रहा है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, 4 घायल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। चमरूपुर-उतरौला मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार मुन्ना को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं उतरौला-मनकापुर मार्ग पर क्रेटा कार ने बाइक सवार शाहबाज को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा महाराजगंज तराई में अज्ञात वाहन ने आकाश जायसवाल और सूरज कौशल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**तरबगंज।** रगड़गंज बाजार में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तरफ से थाने पर दी गई तहरीर में एक पक्ष के सुरेश जायसवाल ने आरोप लगाया कि ज़मीन सम्बंधित विवाद को लेकर विपक्षी रग्घू जायसवाल, कुन्नू उर्फ़ देवी, लक्की जायसवाल व उमाशंकर जायसवाल निवासी उपरोक्त मंगलवार को दोपहर एक बजे घर में घुसकर लाठी डंडे से मारने लगे जिससे प्रार्थी के भाई विकास जायसवाल, राजू जायसवाल व मुन्ना जायसवाल को चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष से वैष्णो प्रसाद ने घर में घुसकर मुन्ना, राजू, राम सुरेश व विजय पर मारपीट का आरोप लगाया है। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की शिकायत पर दोनों पक्षों का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### डीजे बजाने को लेकर मारपीट

**रुपईडीहर :** कौड़िया के कस्बा नगर आर्य नगर चौराहे पर डीजे बजाने को लेकर मारपीट करने के आरोप में श्रावस्ती के गिलौला के धरसवा गांव निवासी सरबजीत तथा बहराइच के कोतवाली देहात क्षेत्र के लाल नगर गांव निवासी नवीन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी चौकी प्रभारी अवनीश शुक्ल एवं आरक्षी लव कुश मौर्य द्वारा की गई है।

### युवक की सड़क हादसे में गई जान

**रुपईडीह, गोंडा :** श्रावस्ती से मांगलिक कार्यक्रम में आये एक व्यक्ति की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि कौड़िया के विरवा गांव में अशरफी के यहां लड़की की शादी में श्रावस्ती जनपद निवासी नरेंद्र कुमार (29) आया हुआ था। कार्यक्रम के बाद देर रात घर वापस जाते समय शुक्ल पुरवा गांव के पास सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दारोगा धर्मेंद्र यादव द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम उसे चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### किराना स्टोर पर छापेमारी

**कटरा बाजार, गोंडा।** बृहस्पतिवार को कटरा बाजार में फूड विभाग ने अतुल किराना स्टोर पर छापा मारा। घंटों चली छापामारी के दौरान कुछ उत्पादों का सैंपल लिया गया। फूड इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि कटरा बाजार और कर्नलगंज में कुछ दुकानों पर सैंपलिंग की गई है। कटरा बाजार के अतुल किराना स्टोर पर सेवई का सैम्पल किया गया है। सैम्पल का रिजल्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

### गन्ने की खेती बढ़ाने को लेकर गोष्ठी आयोजित

**कटरा बाजार :** बृहस्पतिवार को गन्ना विकास परिषद मैजापुर के द्वारा ग्राम पंचायत गौरिया में मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गन्ना किसानों को गन्ना की उन्नतिशील प्रजातियों, उन्नतिशील तकनीक, गन्ने में लगने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों एवं उनसे बचाव के तरीकों, जैविक खेती, कीटनाशकों एवं गन्ना विभाग की तरफ से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अफसर हुसैन, मास्टर ट्रेनर सचिन मिश्रा, दीना नाथ, संजय मिश्रा, प्रगतिशील गन्ना किसान कुशलपाल तिवारी ने किसानों को उन्नतिशील तकनीक के बारे में विस्तार से बताया।

### ताला तोड़कर इलेक्ट्रिक सामान चोरी

**रुपईडीह :** पिपरा चौबे के पंचायत भवन से बुधवार की रात चोर भवन का ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी, तार व हार्ड डिस्क उठा ले गये। सुबह पंचायत भवन की सफाई करने गये सफाई मित्र ने टूटा हुआ ताला व गायब हुए सामान को देखकर ग्राम प्रधान को सूचित किया। प्रधान प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि खरगूपुर थाने मे तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### युवक की पिटाई, चार पर मुकदमा दर्ज

**धानेपुर।** धानेपुर के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रंट के मजरा सोरहवा के रहने वाले इंद्रपाल वर्मा के मुताबिक उसके चाचा के घर पर बरही संस्कार के उपलक्ष्य में आयोजित भोज में उनका भतीजा खाना खाने गया था। उसी दौरान उसके गांव के रहने वाले राहुल, प्रदीप चौहान, गोविंद चौहान व विशाल चौहान आये और अपशब्द कहते हुए उसके भतीजे को मारने लगे। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया गया है।



कटरा बाजार में पौधारोपण करते ब्लाक प्रमुख भवानी भीख शुक्ल। अमृत विचार



कौड़िया के मिश्रीलाल इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते लोग। अमृत विचार




करनैलगंज में पौधरोपण करते एनसीसी कैडेट व अधिकारी। अमृत विचार

# 225 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण का लक्ष्य

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह किया गया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बृहस्पतिवार को जिले भर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी नेहा शर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने पौधरोपण किया। वन विभाग की तरफ से टिकरी रेंज में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र सरकार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पीआरओ यूपी सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में दर्जनों औषधीय, फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण मुख्य अतिथि के साथ वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह और वन कर्मियों ने किया। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस बार टिकरी रेंज ने 225 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी लोग पौधरोपण जरुर करें। इसके साथ ही उन्होंने अवैध कटान को रोकने एंव जंगल की सुरक्षा में भी विभाग का सहयोग करने की अपील की है। वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि टिकरी रेंज का लक्ष्य 225 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करने का है जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस दौरान वन दरोगा अरुण कुमार तिवारी, आग्या राम मौर्या, वनरक्षक पशुपतिनाथ शुक्ला, रामकुमार, सुरेन्द्र यादव, मंगल, रजनीश मिश्रा, राजू यादव, मुकेश वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। नवाबगंज थाने में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने पीपल, आम, महोगनी, नीम को पौधों का रोपण किया। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक विश्वास चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक विभव सिंह, दूधनाथ चतुर्वेदी, महिला उपनिरीक्षक अंतिमा सिंह, मुख्य आरक्षी जय हिंद, आरक्षी शैलेन्द्र, समाजसेवी चंदन सहित तमाम लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



जिला पंचायत परिसर में पौधरोपण करते जिपं अध्यक्ष घनश्याम मिश्र व डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

कौड़िया बाजार स्थित गंगा प्रसाद मिश्रीलाल इंटर के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली आयोजित की गई और जागरूकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गोविन्द यादव व संचालन विनोद कुमार ने किया। करनैलगंज नगर के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली स्टेशन होते हुए सुक्खा पुरवा, हुजूरपुर तिराहा होकर कटरा घाट तक पहुंची। कार्यक्रम का संचालन स्काउट प्रभारी अमित श्रीवास्तव ने किया। शिक्षक अमित श्रीवास्तव, शिव कुमार पाठक, वीरेंद्र यादव बच्चों के साथ शामिल रहे।

कटरा बाजार ब्लाक परिसर में भाजपा नेता व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ला ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी इमरान खां व वन दरोगा विनय कुमार, नंद कुमार तिवारी, मुटुरु पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। नगर पंचायत बेलसर कार्यालय पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पौधशाला बरसड़ा के संचालक कृष्ण चंद्र मिश्रा रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रितेश सिंह, लंबरदार पासवान, संजय तिवारी, जय मां कामाख्या फिलिंग सेंटर के प्रोपराइटर मनीष सिंह उपस्थित रहे।

मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय बंजरिया के समर कैंप के बच्चों ने पौधारोपण करके पर्यावरण को शुद्ध रखने का संकल्प लिया। अनुदेशक पूजा मनमोहिनी ने बच्चों के साथ पौधरोपण किया। राजा रघुराज सिंह महाविद्यालय अशरफपुर मनकापुर में एनसीसी कैडेटों, प्राचार्य रामेश्वरम चतुर्वेदी एवं अन्य प्रवक्ताओं ने पौधरोपण किया। रोशनी पाल, खुशी, रश्मि मोदनवाल, शुभी, माही, ममता, अंशिका, ललिता, बबीता, अंजली, अनुदेशक लालता प्रसाद, राधे कृष्णा तिवारी, नमन सिंह, आयुष्मान मिश्रा, विश्वनाथ शुक्ला, अजय मिश्रा तथा बच्चे उपस्थित रहे। धानेपुर इलाके के दूल्हापुर बनकट के उजारी डीहवा गांव में जीवीके ईएमआरआई 1962 के स्टाफ डॉ. रजनीश वर्मा, मल्टीटास्किंग स्टाफ संदीप पाण्डेय व हरदेव सिंह के साथ पशु उपचार आपातकालीन सेवा के दौरान गांव के लोगों के साथ में मिलकर पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में गांव के विनोद यादव, रविंद्र मौर्य राहुल मिश्रा, विवेक मिश्रा रंजीत मौर्य सहित तमाम लोगों ने भाग लिया।



पंडरी कृपाल ब्लॉक के कंधरा तेजी गांव में पौधारोपण करतीं जिला उद्यान अधिकारी।

### पानी संस्थान ने 500 ग्राम पंचायतों में चलाया अभियान

**गोंडा :** पानी संस्थान की तरफ से पुरस्कार परियोजना के अंतर्गत जिले के 500 ग्राम पंचायतों में पौधरोपण व जन जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य कार्यक्रम पंडरी कृपाल ब्लाक के कंधरा तेजी गांव में आयोजित किया गया जहां पौधरोपण कर इस अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं हरियाली को बढ़ावा देना रहा। पंडरी कृपाल ब्लॉक अंतर्गत कंधरा तेजी ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा रहीं।

### रग्घू सेवा आरोग्य संस्थान में रोपे गए औषधीय पौधे

**रुपईडीह।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रग्घू सेवा आरोग्य संस्थान घुचुआपुर में पौधरोपण किया गया। संस्थान के निदेशक गोली दूबे ने कहा कि पौधे हमारी जीवन रेखा हैं। इनमें स्वस्थ रसों का जीवन होता है। आज आयुर्वेद में औषधीय पौधों का बड़ा महत्व है। इसलिए संस्थान परिसर में औषधीय पौधों का रोपण किया गया है। सभी बीमारियों को ठीक करने का इन पौधों में शक्ति होती है। इस दौरान क्षेत्र के तमाम लोग शामिल हुए।



पौध रोपित करते संस्थान के निदेशक गोली दूबे।

# ई-रिक्शा चालकों का वेरिफिकेशन कर रूट निर्धारण में जुटी पुलिस

**धानेपुर पुलिस ने चलाया अभियान 40 चालकों की हुई जांच**

**धानेपुर, अमृत विचारः** शहरी क्षेत्र के बाद अब ग्रामीण इलाकों में भी ई-रिक्शा चालकों का वेरीफिकेशन शुरू हो गया है। एसपी के निर्देश पर धानेपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को अभियान चलाकर करीब 40 ई-रिक्शा चालकों की जांच की और उनका रूट तय करते हुए उसे रजिस्टर पर दर्ज किया।

हाल के दिनों में सड़कों पर ई-रिक्शा की बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। शहर से लेकर गांव तक की सड़कों पर ई-रिक्शा चालक दौड़ते मिस जाते हैं। इससे लोगों को आवागमन में तो सुविधा मिली है लेकिन यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। हर चौक चौराहे पर बेतरतीब ढंग से खड़े ई-रिक्शा जाम का कारण बन रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में नाबालिग ई-रिक्शा चला रहे हैं। ज्यादातर ई-रिक्शा चालकों के पास लाइसेंस तक नहीं है। इस पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सभी थानाध्यक्षों को ई-रिक्शा चालकों का वेरीफिकेशन करने तथा उनका रूट चार्ट निर्धारित करने का निर्देश दिया है।



धानेपुर में ई-रिक्शा चालकों की जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

इसी क्रम में बृहस्पतिवार को धानेपुर पुलिस ने अभियान चलाकर 40 से अधिक ई-रिक्शा चालकों का वेरिफिकेशन किया। जांच में कई ऐसे ई-रिक्शा चालक भी मिले जिन्होंने अभी हाल ही में गाड़ी खरीदी है। उनके वाहन पर नंबर अंकित नहीं पाया गया। पुलिस ने ऐसे चालकों को सख्त चेतावनी दी कि बिना नंबर प्लेट के वाहन सड़क कर न लाएं और जल्द से जल्द नंबर प्लेट लगवा कर ही उसे सड़क पर चलाएं। वेरिफिकेशन के साथ ही पुलिस ने उनके रूट के बारे में जानकारी लेकर उसका ब्योरा रजिस्टर पर दर्ज किया।

प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों का वेरिफिकेशन कराने के साथ उनके रूट की जानकारी ली गई है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने के साथ वाहनों से होने वाली घटनाओं पर पुलिस नजर रहेगी और किसी विपरीत स्थिति में पीड़ित को तत्काल पुलिस मिल सकेगी। इस दौरान उपनिरीक्षक अनिरुद्ध सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव व कांस्टेबल भगवान दास शामिल रहे।

# बिजली ठेकेदार ने सहायक प्रबंधक को अगवा कर पीटा

**दो लाख रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी**

**गोंडा, अमृत विचार :** बिजली विभाग में ठेकेदारी को मामले को लेकर एक पेटी ठेकेदार ने कार्यदायी संस्था मेसर्स विक्रांत इंजीनियरिंग लिमिटेड के सहायक प्रबंधक को अगवा कर बंधक बना लिया और उसकी जमकर पिटाई की। मारपीट के बाद उसे तीन किमी दूर ले जाकर गाड़ी से उतार दिया। प्रबंधक का आरोप है कि पेटी ठेकेदार ने उससे 2 लाख रुपये की मांग की है। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने प्रबंधक की शिकायत पर पेटी ठेकेदार समेत उसके एक दर्जन अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और घटना की जांच में जुटी है।

अयोध्या के गोसाईगंज के ग्राम पुरैनी समदा निवासी ब्रह्मदेव सिंह कार्यदायी संस्था मेसर्स विक्रांत इंजीनियरिंग लिमिटेड मे सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी संस्था गोंडा जिले में विद्युत विभाग की तरफ से संचालित परियोजना आरडीएसएस एसयूएलओएच के अंतर्गत लाइन बनाने का काम कर रही है। ब्रम्हदेव सिंह का कहना है कि 3 जून को वह शाम 4.30 बजे कन्धरा तेजी से लौट रहे थे तभी रास्ते में नहर के मोड़ पर उनकी संस्था में पेटी ठेकेदार के रूप में काम रहे मनीष सिंह ने अपने दर्जन भर साथियों के साथ मिलकर उन्हें अपनी गाड़ी में बिठा लिया। आरोप है कि मनीष व उनके साथियों ने उन्हें अगवा कर मारपीट की और फिर तीन किमी दूर ले जाकर उन्हे गाड़ी से उतार दिया। ब्रम्हदेव सिंह का कहना है मनीष इटियाथोक में काम कर रहा है लेकिन वह पूरे ब्लॉक का काम चाहता है। इसी बात को लेकर उसने उनपर हमला किया। आरोप है कि मनीष ने 2 लाख रुपये की भी मांग की। पुलिस ने ब्रह्मदेव की शिकायत पर मनीष व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। देहात कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन जोड़ने पर चार पर केस दर्ज

**करनैलगंज :** विद्युत उपकेंद्र बालपुर के अंतर्गत बिजली का बकाया होने पर काटे गए कनेक्शन को अवैध रूप से जोड़कर बिजली का उपयोग करने के मामले में चार लोगों के विरुद्ध थाना एंटी पावर थेफ्ट गोंडा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बालपुर के अवर अभियंता विद्यासागर ने बताया कि ग्राम ठटिया भटहिया थाना कोतवाली देहात निवासी अजीत सिंह का 69040 रुपये, स्व. राजित राम पर 201378 रुपये, इनके मृत्यु के बाद इनके बेटी दामाद यहां रहते हैं, इकबाल निवासी हरसिंह पुर थाना करनैलगंज का 39114 रुपये, पुखना निवासी रेरुवा का 55325 रुपये बकाया है।

## सार-संक्षेप

### गोवंशों को गुण खिलाकर मनाया सीएम का जन्मदिन

**खरगूपुर, गोंडा।** मुख्यमंत्री का जन्मदिवस गौशाला में गायों को गुड़ व फल खिलाकर मनाया गया। खरगूपुर नगर पंचायत स्थित कान्हा गौशाला में गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ममता रस्तोगी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ बाबूराम निगम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव रस्तोगी, वरिष्ठ लिपिक जैनुद्दीन खान, राजेश रस्तोगी, विजय शुक्ल, सतोष श्रीवास्तव, पवन पाण्डेय सहित नगर पंचायत कर्मी व सभासदों ने गायों को फूल माला पहनाकर उनकी आरती कर उन्हें गुड़ व फल खिलाया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कृष्ण चंद्र मिश्र सम्मानित

**बेलसर, गोंडा :** नगर पंचायत बेलसर में बरसड़ा पर्यावरण संरक्षण का हब बना हुआ है। हर साल लाखों पौध लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले कृष्ण चंद्र मिश्र को गुरुवार को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत बेलसर कार्यालय पर विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृष्ण चंद्र मिश्र ने कहा कि वर्ष 1990 से राष्ट्रीय पौधशाला बरसड़ा का कुशल संचालन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लोगों के लिए हर समय उपलब्ध रहते हैं।



### ईंट भट्ठों पर डंप मिट्टी की रॉयल्टी चेक करेंगे राजस्व कर्मी

**करनैलगंज :** अब ईंट भट्ठों पर डंप होने वाली अवैध खनन की मिट्टी तथा अवैध खनन को रोकने के लिए प्रत्येक राजस्व ग्राम में निगरानी होगी। जिस क्षेत्र में अवैध खनन होने की शिकायत या खनन पाया जाता है संबंधित लेखपाल के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई होगी। बृहस्पतिवार को तहसील सभागार में समस्त राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों की बैठक तहसीलदार की अध्यक्षता में हुई। तहसीलदार अनु सिंह ने सभी को निर्देश दिया कि तहसील क्षेत्र में जितने भी ईंट भट्ठे हैं। इन भट्ठों पर अवैध तरीके से मिट्टी का खनन कराकर एकत्र करके ईंट का निर्माण किया जाता है। जबकि मिट्टी खनन की रॉयल्टी जमा करने के उपरांत ही मिट्टी का खनन या डंप किया जा सकता है। तमाम शिकायतें मिली हैं कि ईंट भट्ठे पर अवैध तरीके मिट्टी का खनन कराकर डंप किया जा रहा है। तहसीलदार ने सभी राजस्व निरीक्षकों तथा लेखपालों को निर्देश दिया कि ईंट भट्ठों पर डंप मिट्टी की जांचकर यह देखें कि कितने घन मीटर मिट्टी इकट्ठा की गई है, रॉयल्टी जमा की गई है या नहीं। यदि मिट्टी बिना परमिशन के खनन कराई गई है तो रिपोर्ट देकर कार्रवाई कराएं। उन्होंने सभी को ऑनलाइन शिकायतों के साथ तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा खसरे की फीडिंग, चकमार्गों के साथ सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जे की रिपोर्ट देकर उन्हें तत्काल खाली कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार राम प्रताप पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक राम बहादुर पाण्डेय, ईश्वरशरण तिवारी, अम्बर प्रसाद तिवारी, हनुमान प्रसाद, राम संवारे तिवारी लेखपाल धर्मेंद्र तिवारी, राहुल दूबे, बलराम मिश्रा, ज्ञानचंद मिश्रा, मनीष शुक्ला सहित सभी राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल उपस्थित रहे।

### श्रमिक को बचाने गए भट्ठा मालिक व उनके बेटे पर हमला

**गोंडा :** धानेपुर के बेलहरी गांव में बुधवार की रात कुछ दबंगों ने भट्ठे पर काम कर लौट रहे श्रमिक की पिटाई कर दी। मामले में पीड़ित श्रमिक की तरफ से तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। धानेपुर के बेलहरी गांव निवासी कन्हैया लाल पुत्र साधु मिश्रा गांव के बगल छेदीलाल यादव के ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। मंगलवार की रात जब वह काम से वापस गांव लौट रहा था त बड़की बेलहरी गांव के समीप तीन युवकों अतुल पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, श्रीधर पाण्डेय ने उसे रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। कन्हैयालाल ने फोन के माध्यम से घटना की सूचना भट्ठा मालिक छेदीलाल यादव को दी तो वह अपने दो बेट धनपत यादव के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होने मारपीट कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया तो आरोपी उन पर भी हमलावर हो गए और मूका थप्पड़ व डंडे से उनकी पिटाई कर दी। मारपीट करने के साथ ही हमलावरों ने उनकी बाइक व कार का शीशा तोड़कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर शराबा होने पर जब गांव के लोग इकट्ठा होने शुरू किए तो तीनों आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। मारपीट में छेदी लाल यादव व उनके बेटे धनपद यादव को चोटें आई है। श्रमिक कन्हैयालाल ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि श्रमिक, भट्ठा मालिक व उनके बेटे से मारपीट किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**मुहिम** — बसेहिया सरयू घाट में जन जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# सरयू घाट पर की सफाई, नदी तीरे लगाए गए पौधे

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति एवं वन विभाग गोंडा, टर्टल सर्वाइवल एलाइंस ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सुबह बसेहिया सरयू घाट में जन जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें प्राथमिक विद्यालय धौरहरा व कन्हैयालाल इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी स्लोगनों के माध्यम से जागरूक किया। प्रभात फेरी के उपरांत सरयू नदी के किनारे स्थित घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ला और एनसीसी के छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया। मुख्य रूप से डीएफओ पंकज कुमार शुक्ला, जिला परियोजना अधिकारी अंकिता सिंह, टीएसए फाउंडेशन इंडिया से श्रीपर्णा दत्ता, हर्षित सिंह, कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर राजाराम, धौरहरा स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। नेचर क्लब फाउंडेशन के अभिषेक दुबे, तथा आजाद युवा विकास फाउंडेशन के योगेन्द्र सिंह, संदीप मिश्रा, ज्ञान बहादुर सिंह, शिवेन्द्र सिंह, वन दरोगा अशोक पाण्डेय सहित अनेक समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेने वाले बच्चों में से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को टीएसए फाउंडेशन इंडिया द्वारा पुरस्कृत किया गया।




सरयू नदी के किनारे जागरूक करते लोग। अमृत विचार

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः॥

पाँच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं। ये पाँच लोग हैं - मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी।

संपादकीय

# सतर्कता व तैयारी जरूरी

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं। देश में गुरुवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 तक पहुंच गई। संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1487 केरल के हैं और दिल्ली में 562 दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 526, गुजरात में 508, पश्चिम बंगाल में 538, कर्नाटक में 436, तमिलनाडु में 213, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 103, हरियाणा में 63 और आंध्र प्रदेश में 50 सक्रिय मामले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट 'मौसमी फ्लू' से कुछ भी ज्यादा है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिया, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलाते हैं और मौतें भी होती हैं। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है। बहरहाल केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध कर लेने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी समझौते के हस्ताक्षरकर्ता भारत को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश भर में पर्याप्त टीकों और जांच किट का भंडार बनाया और वितरित किया जाए। जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। ऐसे में घबराहट और चिंता करने की बजाय सावधानी और एहतियाती दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# सामरिक जरूरतें और विरल धातुओं की कमी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

**विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमश: वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्जा है।**

एक खबर के मुताबिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में हम ही नहीं बल्कि अमरीका तक चीन पर बहुत हद तक निर्भर है। यह तो सिर्फ सोलर एनर्जी के लिए पैनल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक-दो विरल केमिकल एलिमेंट की ही बात है। विरल धातुओं और अधातुओं के खरीद-फरोख्त के लिए सबसे बड़ी मार्किट शंघाई मेटल मार्किट है। मेटल इंडस्ट्री की सबसे बड़ा डाटा इसी मार्किट के पास है और दाम निश्चित नहीं होते। यह एक स्ट्रेटेजिक मार्किट है।

सभी प्रकार के उन्नत सिस्टम्स में जिनमें हाई-टेक इक्विपमेंट, एनर्जी प्लांट्स के कंट्रोलर, युद्धक वायुयान और इनके कंपोनेंट्स, बैटल टैंक्स, मिसाइल्स, पनडुब्बियों की बॉडी और हुल से लेकर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक या ऑप्टो-एलेक्ट्रोनिकी में विरल एलिमेंट्स का प्रयोग होता है। भारत को भी कम से कम 2900 टन विरल धातु हर वर्ष चाहिए। दुनिया के वे देश जैसेकि ब्राजील और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के देश जिनमें विरल धातुओं का विशाल भंडार है, इन्हें बेच कर अरबों रुपये की कमाई करते हैं।

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमश: वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्जा है। भारत में विरल केमिकल एलिमेंट्स वाले खनिज का भण्डार 6.9 मिलियन टन है। चीन में यह भण्डार 44 लाख मिलियन टन आंका गया है। अमरीका भी इन धातुओं को हासिल करने के मामले में चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर ज्यादातर निर्भर है। अमरीका का सामरिक महत्व का डिफेन्स प्रोडक्शन 90 प्रतिशत तक चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर टिका है। चीन में विरल एलिमेंट्स की सबसे बड़ी खदान मंगोलिया में बयानओबो नामक स्थल पर है। विरल खनिजों के बिना दुनिया का कोई देश एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में न तो रिसर्च कर सकता है और न ही इनसे कोई उत्पाद बना कर तकनीक में बढ़त हासिल कर सकता है। केमिस्ट्री की पीरियोडिक टेबल के अनुसार 17 विरल तत्व -सेरियम, डिस्प्रोसियम, अर्बियम, युरोपियम, गैडोलीनियम, होल्मियम, लैंथेनम, ल्यूटेटियम, नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, प्रोमेथियम, समैरियम, स्कैंडियम, टेरबियम, थ्यूलियम, येटरबियम और येट्रियम हैं। प्रेसियोडिमियम सर्वाधिक मांग वाली विरल धातु है जिसका उपयोग आर्क-लाइटनिंग लैंप में इस्तेमाल होने वाले कार्बन इलेक्ट्रोड, कांच की पॉलिशिंग में उत्प्रेरक, पवन टर्बाइनों और मोटरों में मौजूद स्थायी चुम्बक, वेल्डर और ग्लास बॉल का निर्माण, विमान इंजन में इस्तेमाल होने वाली उच्च-शक्ति वाली कठोरतम धातुएं बनाने के लिए मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु एजेंट के रूप में, मिशमेटल के घटक के तौर पर एक ऐसी सामग्री बनाने में जिसका उपयोग लाइटर के लिए चकमक पत्थर बनाने और में मोशन पिक्चर उद्योग में कार्बन आर्क-लाइट, स्टूडियो लाइटिंग और प्रोजेक्टर लाइट के लिए किया जाता है। उच्च-तीव्रता वाले स्थायी चुम्बक जो हाइब्रिड कारों और पवन टर्बाइनों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के लिए और हाइब्रिड ऑटोमोबाइल के लिए निकल मेटल हाइड्राइड रिचार्जेबल बैटरी में प्रेसियोडिमियम का इस्तेमाल किया जाता है। डिस्प्रोसियम वास्तव में ही रेयर अर्थ मेटल है। इसका उपयोग परमाणु नियंत्रण छड़ों में इसके उच्च तापीय न्यूट्रॉन क्रॉस-सेक्शन के लिए, डेटा भंडारण में इसकी उच्च चुंबकीय संवेदनशीलता और मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव सामग्रियों में किए जाने के अलावा अवरक्त विकिरण के स्रोत के रूप में अन्य तत्वों के साथ जोड़ कर किया जाता है। आयनकारी विकिरण को मापने के लिए डोसिमीटर में और उच्च शक्ति वाले नैनोफाइबर बनाने के लिए इसका उपयोग जाता है। जाहिर है भविष्य में विरल धातुएं और अधातु जीवन-मरण का कारण बनेंगी।

**विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है।**

हमें यह नहीं मालूम होता कि सोलर पेनल्स इन्स्टाल करने वाली भारत की बड़ी कंपनियां फोटोवोल्टेइक सैल्स खुद क्यों नहीं बनातीं। आयात करके चीन को हम क्या एक बड़ा बिजनेस दे रहे हैं या विरल धातुओं के उसके खजाने के ख़त्म होने का इंतज़ार करना चाहते हैं? फोटोवोल्टेइक सैल्स के निर्माण में अरसे से सिलिकॉन का उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन नए पदार्थों और तकनीक के इस्तेमाल के बाद थिन-फिल्म टेक्नोलॉजी के कारण अब नए फोटोवोल्टेइक सैल्स अधिक कुशल और कारगर पाए गए हैं। सिलिकॉन निर्भरता को कम करने के लिए, सामग्री विज्ञान में अमॉर्फस सिलिकॉन, कैडमियम टेल्यूराइड (सीडीटीई), कॉपर इंडियम गैलियम सेलेनाइड (सीआईजीएस) और पेरोव्स्काइट्स का उदय नवाचार लाया है। भारत को चीन से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई अभी बंद है। अधिकांश मात्रा में विरल एलिमेंट्स का भारत द्वारा आयात किया जाता है। चीन ने इनके निर्यात के लिए व्यापार लाइसेंस को अनिवार्य किया है और साथ में एक डिप्लोमेटिक नीति भी लागू की है कि किस देश को देना है और किस को नहीं। चीन की सरकार चाहती है कि आयातक देश इस बात का लिखित में आश्वासन दे कि इन विरल धातुओं का इस्तेमाल फ्रंटियर डिफेन्स टेक्नोलॉजी के विकास और निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा।

यह एक मुसीबतज़दा शर्त है। हाल ही में इन तत्वों के लिए बढ़ती वैश्विक दौड़ के कारण यह हुआ है। भारत की वर्तमान खपत हालांकि कम है और व्यवधानों के कारण आपूर्ति अभी तक असुरक्षित है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की अनेक निर्णायक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विरल धातुओं और अधातुओं की मांग बढ़ने से आयात निर्भरता हमें जोखिम में डाल सकती है। इसीलिए कुछ वर्ष पहले ही कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री ने भारत सरकार से एक रेयर अर्थ डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की मांग भी की थी। इसी के मद्देनज़र भारत सरकार ने सन 2012 में रेयर अर्थ्स एंड एनर्जी क्रिटिकल एलिमेंट्सः ए रोडमैप एंड स्ट्रेटेजी फॉर इंडिया', दस्तावेज तैयार किया था। इस रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर कैसा और कितना अमल हुआ है, ज्ञात नहीं है क्योंकि ऐसी जानकारी अक्सर क्लासिफाइड होती है। इन धातुओं के खनन, एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग के लिए स्पेशल स्किल्ड वर्कर्स और विशेष मशीनरी युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। राष्ट्र की सुरक्षा और इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए भारत ने 30 खनिज धातुओं और अधातुओं को महत्वपूर्ण माना है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जीएसआई ने विरल खनिजों की उपलब्धता और खनन करने के लिए 195 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रेयर अर्थ्स इंडिया, लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत में दुर्लभ खनिज मोनाजाइट से उच्च शुद्ध ऑक्साइड के रूप में उत्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीन और आरक्षित भंडारों के दोहन के लिए आशय पत्र दिए जाने के साथ ही रेयर अर्थ एलिमेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने की योजना है ताकि इस खनिज से हमें अनेक विरल धातु एक साथ प्राप्त हो सकें। यह एक स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव है। आधिकारिक डेटा से पता चलता है फिलहाल दुर्लभ धातुओं का हमारा आयात 2270 टन है जिसमें से अधिकांश आयात चीन से और बाकी का जापान, रूस, कोरिया और अन्य देशों से हुआ। इसमें चीन से प्राप्त विरल धातुओं का हिस्सा 59 प्रतिशत है। भारत की यह निर्भरता वैश्विक विरल धातु खनन और प्रसंस्करण में चीनी प्रभुत्व के कारण है।

प्रसंगवश

# भगदड़ में सतर्कता और समझदारी ही सुरक्षा

बेंगलुरु के चन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत दुखद और हृदय विदारक घटना है। वास्तव में भगदड़ की घटनाएं तब घटित होतीं हैं जब भीड़ अपना नियंत्रण खो देती है। बहुत बार अफवाहों के फैलने, खौफ,डर या घबराहट और सीमित जगह के कारण भी भगदड़ की घटनाएं घटित हो जातीं हैं। खराब भीड़ प्रबंधन जैसे कि पर्याप्त सुरक्षाकर्मी या निकास के लिए स्पष्ट मार्ग न होना भी भगदड़ का कारण बन जाता है। बेंगलुरु में जो घटना घटित हुई है, उसमें एक लाख से भी ज्यादा फ़ैंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत (18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी की जीत का जश्न मनाने के लिए) का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम के बाहर जमा हुए थे। वास्तव में, जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। यह ठीक है कि किसी टीम की जीत पर दर्शकों का उत्साह स्वाभाविक ही होता है लेकिन बड़े आयोजन की तैयारियां बहुत ही माकूल होनी चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पूरी घटना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में विफलता को ही दर्शाती है। यदि समय रहते भीड़ को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय, जैसे कि पर्याप्त वैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी की व्यवस्था इत्यादि पहले से की गई होती तो ऐसी हृदयविदारक घटना को टाला जा सकता था। घटना के संदर्भ में मीडिया के हवाले से यह भी सामने आया है कि आरसीबी ने अपने प्रशंसकों को मुफ्त पास बांटे, जिसकी वजह से अचानक भीड़ इतनी बढ़ गई। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ की इस त्रासदी के दर्द ने जीत की ख़ुशी को ख़त्म कर दिया है। सच तो यह है कि लोग आरसीबी की आईपीएल में जीत के जश्न का गवाह बनने आए थे, लेकिन इस त्रासदी ने अनेक परिवारों को वह दर्द दिया है, जो वो शायद ही कभी भुला पाएंगे। हमारे देश में अब तक भगदड़ की अनेक घटनाएं सामने आ चुकीं हैं, लेकिन दुःख इस बात का है कि हम ऐसी त्रासदियों से सबक नहीं लेते हैं और लापरवाही के कारण बहुत बार बड़ी घटनाएं घटित हो जातीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ एक गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए हमें सतर्क रहने और उचित उपाय करने चाहिए। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30-40 लोगों की मौत हो गई थी। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएं, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएं, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएं आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएं और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहां पहुंचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियां एवं संकरी सीढ़ियां, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियां, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। वास्तव में सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए पूर्व में ही गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ भीड़ को प्रबंधित करने के लिए हमारे पास अच्छी योजनाएं भी होनी चाहिए।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार

ड्रोन ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं।

हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91' दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

**यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है।**

सोशल फोरम

# संतुलित दृष्टिकोण जरूरी

आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें एक गहरी मानसिक और बौद्धिक बेचैनी दृष्टिगोचर होती है। एक ओर अतीत के गौरवगान में डूबा राष्ट्र है, तो दूसरी ओर वर्तमान की विफलताओं और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ समाज। ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता हैः क्या भारत आत्ममुग्ध ऐतिहासिक चेतना में फंसा हुआ है? और क्या यह उसकी प्रगति में बाधा बन रही है? भारत का अतीत निस्संदेह सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। किंतु इस अतीत को देखने की दृष्टि में संतुलन का अभाव दिखाई देता है। अतिगौरव का मोहः हम विश्वगुरु थे, हमने शून्य खोजा, "हमारे वेदों में सब विज्ञान है-ऐसी घोषणाएं एक सांस्कृतिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक क्षतिपूर्ति बन जाती हैं। वे न तो वैज्ञानिक समीक्षा की कसौटी पर उतरती हैं, न भविष्य निर्माण के लिए व्यवहार्य कार्यक्रम बनाती हैं।

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने न तो इतिहास का आलोचनात्मक बोध विकसित किया, न भविष्य की कल्पना करने की प्रेरणा दी। हमारी पाठ्यचर्या में अतीत या तो स्तुति के भाव में आता है, या औपनिवेशिक लज्जा में दबा रहता है। परिणामस्वरूप, युवा पीढ़ी या तो पश्चिमी आदर्शों की नकल करती है या पुनरुत्थानवादी मिथकों में अपनी पहचान खोजती है। जब समाज को वर्तमान में न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर विफलता का सामना करना पड़ता है, तब वह सांस्कृतिक स्मृति में शरण लेता है। अतीत एक मनोवैज्ञानिक सुरक्षित स्थान बन जाता है, जो वर्तमान की कटुता से राहत देता है-भले ही वह राहत काल्पनिक हो। भारत को न तो अपने भूतकालीन सांस्कृतिक उपलब्धियों पर अति गौरव करना चाहिए, न अपनी ऐतिहासिक भूलों पर लज्जित और निरुत्साहित होना चाहिए। न ही उन गलतियों को तर्कों से छुपाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह-अतीत से प्रेरणा ले, पर उसमें फंसे नहीं,अपनी भूलों से सीखे, पर उनमें गुलाम न हो जाए, और अपने वर्तमान की समस्याओं को सुलझाते हुए, भविष्य का एक न्यायपूर्ण, बौद्धिक और सृजनशील मार्ग बनाए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

-फेसबुक वॉल से

# क्या डगमगाएगा भारत का ईवी सपना

'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कई प्रयास कर रही है, लेकिन इन प्रयासों को झटका तब लगा जब विश्व की अग्रणी ईवी निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में उत्पादन संयंत्र स्थापित करने में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नई पाबंदियां लगाकर भारत के ऑटो उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इन दोनों घटनाओं का भारत के ईवी बाजार, निवेश माहौल और राजस्व संभावनाओं पर गहरा असर पड़ेगा।

टेस्ला क्यों नहीं चाहती भारत में बनाना वाहनः टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि भारत में उच्च आयात शुल्क के चलते वह अपनी कारें भारत में बेचना लाभकारी नहीं समझते। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर 60प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगता है। टेस्ला चाहती थी कि सरकार पहले आयात पर छूट दे जिससे कंपनी बाजार को परख सके, जबकि भारत सरकार की नीति साफ थी- 'भारत में बनाओ तभी टैक्स छूट पाओ'। इसी मतभेद के चलते टेस्ला ने फिलहाल भारत में निवेश से किनारा कर लिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की ओर रुख कर लिया, जहां बैटरी मटेरियल्स की सुलभता, सरकारी प्रोत्साहन और बाजार की लचीलता अधिक है।

भारत को क्या होगा नुकसानः टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण। अनुमान के अनुसार, अगर टेस्ला भारत में गीगाफैक्ट्री खोलती, तो अगले 10 वर्षों में करीब 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व उत्पन्न होता। लाखों रोजगार बनते और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में एक बड़ा उछाल आता। इसके अलावा, टेस्ला की मौजूदगी विदेशी निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बनाती। अब टेस्ला के ना आने से ये संभावनाएं फिलहाल धूमिल हो गई हैं। टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी की अनुपस्थिति में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, ओला इलेक्ट्रिक और एमजी मोटर्स जैसी भारतीय कंपनियों को बाजार में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन ये राहत ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। उपभोक्ताओं की तकनीकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और यदि भारत को वैश्विक ईवी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनानी है, तो उसे वैश्विक तकनीकों और प्रतिस्पर्धा का सामना करना ही होगा।

टेस्ला की दूरी के बीच भारत के ईवी उद्योग को एक और झटका तब लगा जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया। लैंथेनम, नीओडिमियम, टेरबियम, और डिस्प्रोसियम जैसे खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों, मोटर मैग्नेट्स और अन्य इलेक्ट्रिक घटकों में होता है। चीन दुनिया में रेयर अर्थ खनिजों का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करता है। ऐसे में उसकी ओर से निर्यात सीमाएं भारत जैसे देशों के लिए चिंता का कारण बन जाती हैं।

फिलहाल भारत अपनी रेयर अर्थ जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा चीन से ही आयात करता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अपने आंतरिक संसाधनों की ओर ध्यान दे। आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान में इन खनिजों की उपस्थिति पाई गई है। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक खनन और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी होगी।

साथ ही, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और वियतनाम जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके भारत को अपने आयात स्रोतों में विविधता लानी होगी। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स को बैटरी रीसाइक्लिंग, सॉलिड-स्टेट बैटरियां और सोडियम-आयन जैसी नई तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि चीन की निर्भरता कम हो सके।

क्या यह संकट भारत को आत्मनिर्भर बना सकता हैः टेस्ला का न आना और चीन की पाबंदियां निश्चित रूप से भारत के ईवी मिशन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन हर चुनौती में एक अवसर छिपा होता है। यदि भारत इस मौके को सही रणनीति से साध ले-जैसे टेक्नोलॉजी में निवेश, खनिज संसाधनों का उपयोग, और विदेशी सहयोग- तो यह संकट भारत के लिए एक बदलावकारी मोड़ बन सकता है। आने वाले समय में भारत को यह तय करना होगा कि वह इन वैश्विक दबावों के आगे झुकेगा या आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें, तो भारत न केवल एक सशक्त ईवी बाज़ार बन सकता है, बल्कि वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**भारत को क्या होगा नुकसान : टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण।**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## पर्यावरण दिवस पर विचार गोष्ठी व पौधरोपण कार्यक्रम हुए

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** पर्यावरण दिवस पर जिल भर में जगह-जगह विचार गोष्ठियां आयोजित कर पौधरोपण किया गया व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कैसरगंज में रामकृष्ण परमहंस पीजी कॉलेज एवम वन विभाग द्वारा पौधरोपण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन महाविद्यालय की शिक्षा शास्त्र प्रवक्ता संध्या सिंह ने किया। महाविद्यालय प्रबंधक प्रतिनिधि राजीव सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। पौधरोपण के बाद ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि छात्र छात्राओं को पेड़, पानी, पॉलीथिन उपक्रमों पर काम करना चाहिए। अधिक से अधिक पौधे रोपित करना, पानी बचाना और सिंगल यूज पॉलीथिन से भारत को मुक्त करना होगा तभी यह धरती रहने लायक बचेगी I महाविद्यालय प्राचार्य डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर को हरित गृह के रूप में विकसित करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने कहा कि



कार्यक्रम में मौजूद लोगो को जागरूक करते ट्रस्ट के लोग।

मौजूदा स्थितियों में प्रति व्यक्ति चार सौ बाईस पेड़ों की आवश्यकता है जिससे वह स्वस्थ रह सके लेकिन वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण धरती का तापमान निरंतर बढ़ता जा रहा है जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। कार्यक्रम को कृष्ण पाल शर्मा रामस्वरूप पारीक, डिप्टी रेंजर राम विनोद यादव, अंग्रेजी प्रवक्ता शेखर श्रीवास्तव, वन विभाग के कर्मचारी सोनू सिंह, कार्यालय अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर परमेश वर्मा, संजय वर्मा, मिथुन, महेश, तुम, अरीबा, गौसिया, महिमा आदि उपस्थित रहे।

महसी तहसील के बौण्डी क्षेत्र में घाघरा कटान विस्थापित परिवारों के बीच पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा नई बस्ती एवं जोगापुरवा मं घाघरा नदी के कटाव से विस्थापित परिवारों के साथ एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के निदेशक ध्रुव कुमार ने बताया कि प्रत्येक परिवार में 5 से 7 सूती थैलों का होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे हम प्लास्टिक के उपयोग को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो काली प्लास्टिक सब्ज़ियों व खाद्य सामग्री लाने हेतु बाज़ारों में उपयोग होती है, वह खाद्य को विषाक्त बनाती है और कई गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। इस बदलाव के लिए महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बौंडी क्षेत्र के 5 गाँवों में अमरूद, बेर एवं आम के कुल 1860 पेड़ लगाए गए हैं। पंचशील टीम के सदस्य रामतेज यादव ने रासायनिक खादों के अधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए किसानों से वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग और पशुपालन को बढ़ावा देने की अपील की। बाबागंज प्रतिनिधि के अनुसार नवाबगंज क्षेत्र में पर्यावरण दिवस पर खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज के निर्देश पर कई ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर पर झंडारोहण कर ग्राम प्रधानों व जन प्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों व सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया ।वही दूसरी ओर ग्रामीण इलाकाई क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने भी वृक्षारोपण कर अपनी रुचि जाहिर की। इलाके में स्थित मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बाबागंज व कलवारी क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। ट्रस्ट के डायरेक्टर एसपी सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएं। जिससे कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित हो सके। पर्यावरण की दृष्टि से अधिक मात्रा में सौर ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए।



.गेंद घर मैदान में पौधरोपण करते सांसद। अमृत विचार

### सांसद ने पौधरोपण कर मुख्यमंत्री को दी बधाई

**बहराइच, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर सांसद डा. आनन्द कुमार गौड ने गेंद घर मैदान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ ही सीएम के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ रहा है। गेंदघर मैदान में वट वृक्ष, पाकड़ व नीम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, नगर अध्यक्ष सतीश सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह, राम उदार मिश्रा उपस्थित रहे।

# घर में सो रहे बालक पर जंगली जानवर ने किया हमला

▸▸ परिजनों ने भेड़िया होने की जताई आशंका

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद में एक बार फिर से जंगली जानवरों का आतंक जारी है। घर मे सो रहे 12 वर्षीय बालक जंगली जानवर ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुन कर दौड़े परिजनों ने शोर मचाया तो जंगली जानवर खेत की ओर भाग गया। बालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों ने भेड़िया होने की आशंका जताई है।

हरदी थाना क्षेत्र के खमरिया हरदो पट्टी ग्राम के रहने वाले बाबादीन ने बताया कि उनका पूरा परिवार भोजन कर घर के बरामदे में सो रहा था। देर रात घर में घुसे जंगली जानवर ने 12 वर्षीय बेटे लवकुश पर हमला कर दिया और अपनी ओर खींचने का प्रयास करने लगा। लवकुश की चीख सुनकर परिजन जाग गए और शोर मचाने लगे। इस पर जंगली जानवर खेत की ओर भाग गया। लवकुश को गंभीर हालत में रमपुरवा स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया है। डीएफओ अजित प्रताप सिंह ने बताया कि किसी जानवर का हमला लग रहा है। मौके का निरीक्षण किया गया है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। दो दिन पूर्व इसी थाना क्षेत्र के गढ़ीपुरवा गदामार में दो वर्षीय आयुष को भेड़िया घर मे सोते समय उठा ले गया था। जिसका शव गन्ने के खेत मे क्षत विक्षत अवस्था में मिला था। इस घटना के बाद प्रभागीय वनाधिकारी अजित सिंह ने मौके पर निरीक्षण कर शाम सात बजे के बाद घरों में रहने की अपील की थी। डीएम मोनिका रानी ने प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया है। उन्होंने वन्य जीव हमले से प्रभावित क्षेत्रों में रात्रि 11 से सुबह 4 बजे तक ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने की बात कही है।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपते सपा कार्यकर्ता

### भेड़िये के हमले से सुरक्षा को लेकर सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

**बहराइच अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा है। उन्होंने कहा कि महसी में लगातार भेड़िया व जंगली जानवरों का हमला हो रहा है। जिससे लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रबंध किए जाए। कलेक्ट्रेट पहुंचे समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव की अगुवाई में आज एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिसमे उनके द्वारा कहा गया है कि जिस तरह से महसी क्षेत्र फिर से भेड़िया व जंगली जानवरों का हमला शुरू हो गया है व दो दिन पूर्व एक मासूम की जान ले ली है। ऐसे में वन विभाग की ओर से सुरक्षा को लेकर कदम उठाना चाहिए। उन्होंने भेड़िये से हमले वाले इलाकों में नेट से घेराव लगाए जाने की मांग की है। भेड़िये के हमले में मृतक आश्रित को 10 लाख रुपये व घायलों को एक लाख रुपये दिलाये जाने व हिंसक जानवरो के हमले में मारे गए परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से उनकी मांगे मानी जाए। नही तो आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

# बस व पिकअप की भिड़ंत में 9 लोग घायल

जरवलरोड, बहराइच

अमृत विचार। लखनऊ बहराइच हाईवे के जरवल रोड थाना क्षेत्र के घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के पास तेज रफ्तार बस व पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस व अन्य संसाधनों से स्थानीय अस्पताल भिजवाया गया। जहां से 6 लोगों की हालत गंभीर देख उन्हें बहराइच शहर के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां सभी का उपचार चल रहा है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के पास तेज रफ्तार लखनऊ से बहराइच आ रही पिकअप वी गोंडा से लखनऊ की ओर जा रही प्राइवेट बस में अमन सामने भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बस व पिकअप के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे जरवल रोड थाने के




प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने तत्काल एंबुलेंस व अन्य संसाधनों से सभी को स्थानीय सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचवाया। जहां पर छह लोगों की हालत गंभीर दे सभी को बहराइच के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इस घटना के बाद करीब दो घंटे जाम की स्थिति बनी रही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोंडा जनपद के खरगूपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले रंजना मिश्रा, दिनेश, राजकुमार, ओंकार, उमा देवी की हालत गंभीर बनी हुई थी जिससे उन्हें बहराइच रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया दिनेश कुमार पुत्र श्याम राज निवासी मन्ननगरा थाना खरगुपुर, विकास तिवारी पुत्र उपेंद्र तिवारी निवासी परसरामपुर थाना खरगूपुर, राज कुमार गोस्वामी पुत्र शोभा राम निवासी पृथ्वीनाथ खरगुपुर, ओमकार पुत्र नन्हू निवासी खरगुपुर, रंजना मिश्रा पत्नी उपेंद्र तिवारी निवासी परसरामपुर खरगुपुर, नंदावती पत्नी राम अक्षयवर निवासी कन्यापुर मन्ननगरा खरगुपुर, राम अक्षयवर पुत्र माधव राज निवासी मन्ननगरा खरगुपुर, खुशबु पुत्री शिवकुमार निवासी खरगुपुर, उमा देवी पत्नी ओमकार निवासी सुशरवा खरगुपुर गोण्डा घायल हुए है। इस घटना में जो मामूली रूप से घायल हुए थे उन सभी का प्राथमिक इलाज कराने के बाद दूसरे वाहनों से उन्हें गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तत्काल प्रभाव से क्रेन मंगवाकर दोनों वाहनों को सड़क से किनारे करवाया गया। जिसके बाद यातायात बहाल हो गया। इस घटना में किसी की जनहानि नही हुई है। ना ही किसी की ओर से तहरीर मिली है। अगर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की ठोकर से युवक की हुई मौत

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** थाने के मसेहड़ी चौराहे के पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कालेज लाया गया , जहां चिकिस्तक ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त सूचना के अनुसार बुधवार की रात बलरामपुर के ग्राम सतपेडिया के मजरा असैला निवासी मुकेश (19) पुत्र उदई मसेहड़ी चैराहे पर बाइक में पेट्रोल भराकर सड़क पर आया , तभी तेज रफ्तार टैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये मेडिकल कालेज लाया गया ,जहां पर चिकित्सक ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

# गंगा दशहरा पर अमृतेश्वर नाथ महादेव पर श्रद्धालुओं की रही भीड़

विशेश्वरगंज बहराइच

**अमृत विचार।** विशेश्वरगंज क्षेत्र ग्राम सभा इमरती में गंगा दशहरा के अवसर पर अमृतेश्वर नाथ महादेव पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सुबह से लेकर शाम तक भारी संख्य में श्रद्धालुओं मौजूद रहे।भक्तों ने पवित्र गंगा दशहरा पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना कर जल चढ़ाया व सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर गंगा महोत्सव के रंग में रंगा नजर आया। भजन-कीर्तन और ढोल-मंजीरों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। जिसमें अमित शुक्ला राहुल शुक्ला शुभम तिवारी और महिलाओं और बच्चों की भी भारी भागीदारी देखने को मिली। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे व प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, अमृतस्वर नाथ मंदिर में हर साल गंगा दशहरा पर इस प्रकार का भव्य आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में दूर-दराज़ से भी लोग शामिल होते हैं।



मंदिर परिसर में पूजा करते भक्त। अमृत विचार

# एसपी ने चलाई तबादला एक्सप्रेस

बहराइच,अमृत विचार। जनपद में एसपी राम नयन सिंह ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर एक साथ निरीक्षक, उपनिरीक्षक समेत आरक्षियों का तबादला किया है, जिससे पुलिस विभाग में विभिन्न पटलों व थानों पर तैनात कर्मियों में हड़कम्प मच गया है। एसपी ने मोतीपुर में अपराध निरीक्षक रहे योगेंद्र सिंह यादव को साइबर क्राइम थाना भेजा है। वही उपनिरीक्षक अजय प्रताप यादव को थाना मोतीपुर से वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोतीपुर बनाया है। उपनिरीक्षक अमर नाथ मिश्रा को प्रभारी चौकी दौलतपुर से प्रभारी चौकी मल्लावां बनाया गया है। उपनिरीक्षक विकास कुमार वर्मा को प्रभारी चौकी मल्लावां से थाना दरगाह शरीफ व उपनिरीक्षक राशिद अली को पुलिस लाइन से स्वाट टीम में भेजा गया है। वहीं लापरवाही बरतने के मामले में एसपी ने बताया कि आरक्षी देवेंद्र कुमार मिश्रा जो अपराध शाखा में थे व आरक्षी शिवबीर सिंह जो दरगाह थाना में थे, को लाइन हाजिर किया गया है। विभिन्न स्थानों में पुलिस लाइन में रहे 62 पुरुष व महिला आरक्षियों को विभिन्न थानों व पुलिस लाइन से दूसरे थानों पर भेजा गया है।

▸▸ **चार उपनिरीक्षकों समेत 64 आरक्षियों के कार्यक्षेत्र बदले**

## पुलिस विभाग 64 करोड़ से खरीदेगा पिस्तौल व कारतूस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पुलिस बल अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होगी। इसके लिए सरकार ने पुलिस विभाग को 64 करोड़ 65 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इस बजट से 8600 पिस्तौल समेत लाखों कारतूस खरीदे जाएंगे। उप्र. शासन में विशेष सचिव दिनेश कुमार ने पूर्व में जारी शासनादेशों के सापेक्ष गुरुवार को 64 करोड़ 64 लाख 51 हजार 225 रुपये का बजट अपर पुलिस महानिदेशक उप्र. को जारी किया। जारी बजट में नौ एमएम की प्रति पिस्तौल 29,950 रुपये के आधार पर कुल 5600 पिस्तौल खरीद के लिए 16 करोड़ 77लाख 20 हजार रूपए जारी किए गए हैं, पिस्तौल में चलने के लिए 3.8 लाख कारतूस खरीदी जाएंगी।

# छेड़छाड़ के दो आरोपियों को तीन-तीन साल कैद

संवाददाता, बहराइच

▸▸ **दो मामलों में कोर्ट ने दोषसिद्धों को सुनाई सजा**

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने किशोरियों से छेड़छाड़ के दो मामलों में दोषी दो युवकों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और एक पर 11 हजार व दूसरे पर 12 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया। वहीं मारने की खातिर दौड़ाने के जुर्म में दोषी पर पांच सौ रुपये का अर्थदंड लगाया। एक आरोपी की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो सन्त प्रताप सिंह ने बताया कि 2 मार्च 16 की शाम हुजूरपुर थाने के एक गांव की किशोरी शौच के लिये गांव से बाहर गई थी। इस बीच गांव के ही युवक मिथलेश तिवारी ने उससे छेड़छाड़ की। किशोरी के शोर मचाने पर उसके मां व पिता मौके पर पहुंचे। इस वारदात के बाद किशोरी की मां व पिता युवक के घर शिकायत करने गये तो मिथलेश, कोयले व फुल्लन ने मारने के लिये दौड़ा लिया। इस मामले में पुलिस ने छेड़छाड़ आदि धाराओं में केस दर्ज किया और विवेचक ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने और साक्ष्य संकलन के उपरांत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने मामले के विचारण व उभय पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद के मामले में दोषी मिथलेश को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और 11 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया और मारने के लिये दौड़ाने में दोषी फुल्लन पर एक हजार रुपये के अर्थदंड लगाया। मुकदमा विचारण के दौरान कोयले की मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सन्तोष कुमार सिंह व सुरेन्द्र कुमार मौर्य ने पैरवी की। छेड़छाड़ के दूसरे मामले में रानीपुर थाने के अहिराटाड़ में एक किशोरी मां के साथ खेत गई थी। किशोरी की मां फसल लेकर घर चली आयी और खेत में किशोरी को अकेले पाकर गांव के ही मौजीलाल ने छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता ने युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ व पॉक्सो आदि की धाराओं में केस दर्ज कराया था। कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल होने व विचारण के उपरांत दोषी को न्यायाधीश ने तीन वर्ष की सजा सुनाई और 12 हजार के अर्थदंड से भी दण्डित किया।


## वर्ग पहेली- 453

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो; टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठीख् अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




### वर्ग पहेली -452 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- एकादशी 7 जून 04.47 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। घर की साफ-सफाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** — आज अपने आत्मविश्वास के कारण अधिकारियों से प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारो से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन** — आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह** — आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। आपके जनसम्पर्क का दायरा मजबूत होगा। घर का माहौल अत्यन्त अनुशासित रहने वाला है।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शान्तिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवायें। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य प्रारम्भ होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**वृश्चिक** — आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे। व्यापार में नये अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है।


**धनु** — आज आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मकर** — आज नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है। आपको इच्छित जगह पर स्थानान्तरण मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है।

**कुंभ** — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक हो सकती है। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**मीन** — आज प्रभावशाली लोगों के मध्य आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिन्ता हो सकती है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- हस्त 06.34 तत्पश्चात चित्रा।

## सुडोकू -177

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | | | |
| 3 | | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | | | | | 8 |

### सुडोकू - 176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 |

# धोपाप धाम में लाखों स्नानार्थियों ने लगाई आस्था की डुबकी

## गंगा दशहरा पर्व : भारी तपन के बावजूद उमड़ा जन सैलाब, चप्पे-चप्पे पर रही कड़ी सुरक्षा

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लंभुआ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल धोपाप धाम में लाखों स्नानार्थियों ने गोमती में स्नान किया तथा मंदिर में दर्शन कर पूजन किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह की शुक्ल दशमी को गंगा दशहरा पर्व पर धोपाप में भक्तों के अपार भीड़ पहुंची और स्नान की। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की सुरक्षा को लेकर नजर थी।

एसडीएम गामिनी सिंगला तथा सीओ अब्दुस सलाम के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरे मेले में नजर बनाई हुई थी। भक्तों ने मेले में गोदान, अन्न दान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्रीराम जानकी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की। नदी में लोगों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने गोताखोरों तथा एसडीआरएफ की टीम को लगाया था। महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए अस्थाई रूप से पुलिस ने व्यवस्था की थी। इसके अलावा कई थानों की फोर्स लगाई गई थी। मेले में मरीजों के लिए स्वास्थ्य कैंप की व्यवस्था की गई थी। भक्तों के लिए जगह-जगह लोगों ने शरबत तथा भंडारे का आयोजन किया था। व्यापारी नेता रविंद्र त्रिपाठी ने धाम में भक्तों के लिए बूंदी के प्रसाद की व्यवस्था की थी। धाम से लगभग 2 किलोमीटर पहले ही बड़े वाहनों को पुलिस ने रोक दिया था। मंदिर परिसर में काफी संख्या में महिला चेन स्नेचरो को पुलिस ने पकड़ लिया।



गंगा दशहरा पर्व पर धोपाप धाम पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### नदी में डूबने से किशोर की मौत

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो निवासी 17 वर्षीय आकाश चौरसिया अपने साथी मोहम्मद वाजिद व अन्य साथियों के साथ धोपाप में स्नान करने गया था। बताया जाता है कि नहाते समय सभी गहरे पानी में डूबने लगे। मोहम्मद वाजिद सहित व अन्य साथियों को स्थानीय गोताखोरों ने बचा लिया, जबकि आकाश काफी देरतक पानी में डूबता रहा। पानी से निकालकर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिला जानकारी के मुताबिक आकाश अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। आकाश के पिता उमाशंकर चौरसिया सूरत में रहकर पान का व्यवसाय करते हैं। वहीं आकाश डिलिवरी बॉय का काम करता था। आकाश की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। लंभुआ थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### धोपाप धाम में स्नान करने का महत्व

जिले के पौराणिक व धार्मिक महत्व वाला तीर्थस्थल धोपाप त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के आगमन से चर्चित हुआ है। रावण वध के उपरांत ऋषियों की सलाह पर भगवान श्रीराम ने धोपाप में ही आदि गंगा गोमती के तट पर डुबकी लगाकर पाप से मुक्ति पाई थी। तभी से इस स्थान का नाम धोपाप पड़ गया। प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा के पर्व पर करीब एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु सिर्फ स्नान के जरिए पापों से मुक्ति की चाह में धोपाप पहुंचते हैं। मान्यता है कि लंकापति रावण वध के उपरांत मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को ब्रह्महत्या के पाप का दोषी माना गया था। इसके लिए उनके कुलगुरु ने अन्य ऋषियों की मदद ली थी। काफी मंथन के बाद ऋषियों की सलाह पर एक पत्ते पर काला कौआ नदियों में तैराया गया था। आदि गंगा गोमती के इस स्थान पर पहुंचकर वह कौआ सफेद हो गया था। इससे इस स्थान को स्नान के उपयुक्त माना गया था। प्रभु श्रीराम ने इस स्थान पर स्नान करके ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति पाई थी। तभी से इस स्थान का नाम धोपाप पड़ गया। जिस घाट पर श्रीराम ने स्नान किया था, उसे राम घाट के नाम से जाना जाता है। लिहाजा, पापमुक्त होने की चाह में श्रद्धालु इस स्थान पर पहुंच कर स्नान करते हैं।

## एक नजर

### जीरो पावर्टी के तहत चिन्हित 3665 का बना राशन कार्ड

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन द्वारा जीरो पावर्टी सर्वे कराया गया था। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोग नहीं थे उन्हें चिन्हित कर लाभ दिलाए जाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य एवं रसद विभाग में 3711 लोग बिना राशन कार्ड के पाए गए थे। जिनकी सूची विकास खंड वार जिला पूर्ति अधिकारी को सौंप दी गई थी। महकमे द्वारा अभी तक 3,665 लोगों का सत्यापन कर राशन कार्ड बना चुकी है। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्य ने बताया कि शेष बचे लोगों का राशन कार्ड बनाने का काम चल रहा है।

### बेटी से छेड़छाड़, शिकायत पर मां को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने थाने पर तहरीर दी है। किशोरी ने बताया कि जब भी वह कहीं आती जाती है तो गांव के सोनू व अशोक उसका वीडियो बनाते हैं। बात करने के लिए नंबर देते हैं मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। परेशान होकर उक्त बात उसने अपनी मां से बताई तो उसकी मां उलहाना देने सोनू के घर गई। आरोप है कि सोनू ने गंदी गालियां देते हुए उसकी मा की पिटाई कर दी जिससे उसे गंभीर चोट आई है। दोस्तपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### क्रिकेट के विवाद में साथियों संग पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी गुलाब कुमार ने थाने पर तहरीर दी है। गुलाब ने बताया कि क्रिकेट के विवाद को लेकर बगल के गांव भटपुरवा निवासी विकास, शनि, कल्लू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ बुधवार की शाम साढ़े छह बजे उसे मारने आए। उसे बचाने के लिए अंकित दूबे आये तो उन्हें भी लोहे की सरिया से मारने लगे। जान बचा दोनों घर में घुस गए उन लोगों ने घर में घुस कर पिटाई की। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। गोसाईंगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### घर के बाहर बंधी बकरी उठा ले गए चोर

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत भरथीपुर गांव में बीती रात अज्ञात वाहन सवार चोरों ने घर के बाहर बंधी बकरी खोल कर चुरा ले गए। पीड़ित राम अचल ने मामले की लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस बाबत थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। पता कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# गैंगरेप के दोषी भाइयों को 20 वर्ष का कारावास

**अदालत से**

▸▸ पॉक्सो कोर्ट ने 40 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया अर्थदंड की रकम पीड़िता देने का आदेश

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

हलियापुर थानाक्षेत्र के एक गांव से सात साल पूर्व गैंगरेप करने के अयोध्या जनपद के कुमारगंज थाने के इटौजा निवासी दो सगे भाइयों प्रदीप यादव व राजकुमार यादव को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को 20 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषियों पर 40 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 19 सितंबर 2018 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीडिता के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को दोषियों ने फोन कर दुकान पर बुलाकर दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमें के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी भाइयों को 20 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### इसौली विधायक ताहिर खान के केस में बहस आज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** इसौली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद ताहिर खान के खिलाफ 25 साल पुराने वन भूमि अतिक्रमण मामले में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण बहस नही हो सकी। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने बताया विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने बहस के लिए छह जून की तारीख तय की है। यह मामला 23 अक्टूबर 1999 की उस घटना से जुड़ा है, जिसमें ताहिर खान पर आरक्षित वन भूमि पर अवैध कब्जा कर सड़क निर्माण कराने का आरोप है। इस मामले में विधायक का बयान पहले ही दर्ज हो चुका है, जिसमें उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। अब न्यायालय में बहस के बाद आगे की कार्यवाही होगी। वहीं इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज गाली व धमकी देने के मामले में सुनवाई नही हुई। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 24 जून की तारीख तय की है। मायंग निवासी बैजनाथ निषाद ने 18 जून 2022 को नाली पानी के विवाद को लेकर पूर्व विधायक समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### दिव्या हत्याकांड में आरोपी सिपाही पर चार्जशीट दाखिल

▸▸ सीजेएम ने सेशन कोर्ट के सुपुर्द की फाइल, आज तय होंगे आरोप

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थाना अमेठी के ग्राम महमूदपुर निवासी दिव्या अग्रहरि की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या के मामले में आरोपी सिपाही रवि कुमार के विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह मामला गतवर्ष 28 दिसंबर 2024 को सामने आया था, जब दिव्या अग्रहरि अपने घर में मृत अवस्था में पाई गई थीं। अभियोजन पक्ष के डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक दिव्या के पति आलोक अग्रहरि ने घटना के दिन मजदूरी से लौटने के बाद पत्नी को मृत अवस्था में पाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। उन्होंने तहरीर में संदेह जताया था कि सिपाही रवि कुमार ने ही उनकी पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने तफ्तीश के बाद औरेया जिले के कनौती निवासी व वर्तमान में कमरौली जनपद अमेठी में डायल 112 में तैनात आरोपी सिपाही रवि कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। सीजेएम नवनीत ने संज्ञान लेते हुए केस को जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत के सुपुर्द कर विचारण के लिए भेज दिया है। सेशन जज ने मामले में आरोप तय करने के लिए छह जून की तारीख तय की है।

### ऋषिकेश हत्याकांड में सुनवाई 13 को

ऋषिकेश हत्याकांड में मंगलवार को चश्मदीद अभिषेक सिंह की गवाही के बाद गुरुवार को वकीलो के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी ने जिरह के लिए 13 जून की तारीख तय की है। अभियोजन की तरफ से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा की अर्जी पर कोर्ट ने कोतवाली नगर के नयानगर सिरवारा रोड निवासी चश्मदीद साक्षी अभिषेक सिंह उर्फ पंकज को गवाही के लिए तलब किया था, जिनकी गवाही दर्ज हो चुकी है। बचाव पक्ष अगली नियत तारीख पर गवाह से जिरह करेगा। 9 फरवरी 2008 को कोतवाली नगर के नया नगर सिरवारा रोड निवासी ऋषिकेश सिंह उर्फ पिंटू की हत्या में मृतक के बड़े भाई राकेश सिंह ने लोलेपुर निवासी इरफान उर्फ जानी, मन्नान, आजाद, शहजाद, बाबुल व जयसिंहपुर थानाक्षेत्र के सौरभ मिश्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था।

### न्यायालय के आदेश में छेड़छाड़ पर कर्मचारियों को नोटिस

कोर्ट के तलबी आदेश में छेड़छाड़ पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने अपनी कोर्ट के कर्मचारियों को नोटिस जारी की है। जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के बेलगरा उगईपुर निवासी लल्लन प्रसाद ने पट्टीदार रवीन्द्र यादव और कृष्ण कुमार पर भूमि विवाद में 24 अप्रैल 2023 को ट्रैक्टर से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने, गाली-गलौज, हत्या की धमकी और जानलेवा हमला के आरोप में मुकदमा चलाने की मांग कर परिवाद दायर किया। कोर्ट ने रवींद्र और कृष्ण कुमार यादव को तलब किया। परंतु कृष्ण कुमार के तलबी आदेश पर धारा में कटिंग कर छेड़छाड कर जानलेवा हमले में तलबी भेजी गई। कोर्ट का समन पहुंचने पर कृष्ण शंकर ने अधिवक्ता विजय अग्रहरी के जरिए आदेश की जानकारी की तो इसका खुलासा हुआ। तब उसने अधिवक्ता के जरिए परिवादी लल्लन और अन्य अज्ञात लोगों पर कोर्ट अवमानना की कार्रवाई की याचिका दायर की। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेते हुए अपनी कोर्ट के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्पष्टीकरण की नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

### हत्यारोपी की जमानत याचिका खारिज

सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की कोर्ट ने हत्या के मामले में बल्दीराय थानाक्षेत्र के गंगा पाण्डेय का पुरवा महुली आरोपी शिव कुमार उर्फ लल्लन की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी पर थाना बल्दीराय क्षेत्र में वादी शिवलाल कोरी की सुमन की छह दिसंबर 2022 को कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या करने का आरोप है। दौरान तफ्तीश आरोपी का नाम प्रकाश में आया था।

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस मुखर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है।

भीषण गर्मी में अनिश्चित बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश है। स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों की सुविधाओं को बेहतर करने की भी मांग की गई है। उनकी मांग है कि 24 घंटे जांच सुविधाएं और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने की भी मांग की है। 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में शामिल करने की भी व एक पत्रकार को मिली धमकी के मामले में सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही पयागीपुर के ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे 25 वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त किए जाने का विरोध करते हुए उजड़े परिवारों को उचित स्थान पर पुनर्वास की मांग की है।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव राम कुमार यादव, सलाउद्दीन हाशमी, इकराम भाई, प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

▸▸ बिजली कटौती और मेडिकल कॉलेज को लेकर सौंपा ज्ञापन

### गोसाईगंज के पूर्व एसओ तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** हत्या व गैंगेस्टर एक्ट के मामले में पूर्व विवेचक विवेचक पूर्व एसओ गोसाईगंज व मौजूदा समय में कानपुर नगर जिले के एसीपी स्वरूप नगर के आईपी सिंह को स्पेशल जज गैंगेस्टर एक्ट राकेश पांडेय ने गवाही के लिए व्यक्तिगत रूप से तलब कर 30 जून की तारीख तय की है। कोर्ट ने यह आदेश गुरुवार को एडीजीसी सुशील सिंह की अर्जी पर दिया है। एडीजीसी ने बताया पूर्व एसओ ने वर्चुअल गवाही की बात कही थी जिस पर कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर गवाही की मांग की गई थी। आईपी सिंह ने वर्ष 2003 में हुई हत्या के मामले में विवेचना की थी। मामले में अगली सुनवाई 30 जून को होगी।

## सार-संक्षेप

### गोमती तट पर बनेगा नया ऑक्सीजन बैंक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल तो मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पिछले साल 28 सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 'स्वच्छ सुंदर हरित सुलतानपुर' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में गोमती नदी के तट पर पर्यावरण पार्क के पास 817 पेड़ लगाकर वाल्मीकि उपवन का निर्माण किया गया ।नगर के प्रमुख मार्गो के डिवाइडरों और दोनों पटरियों पर हजारों पेड़ लगाए गए। पालिका ने इन पेड़ों की सुरक्षा के लिए विशेष कर्मचारियों की नियुक्ति की है। वर्तमान में पेड़ों का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने सभी सामाजिक संस्थाओं से आम, नीम, पाकड़, पीपल और बरगद जैसे ऑक्सीजन देने वाले पेड़ लगाने का आग्रह किया। गोमती नदी के किनारे नए ऑक्सीजन बैंक के लिए स्थान चिह्नित किया जा रहा है, जहां बैरीकेडिंग के साथ सघन वृक्षारोपण की योजना है। कार्यक्रम में संयुक्त समाज समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधाकर सिंह, संयोजिका पल्लवी वर्मा, डॉ. आर.ए. वर्मा, मदन सिंह सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते पालिकाध्यक्ष व अन्य।

### बीमा कम्पनी को 1.91 लाख के भुगतान का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल और सदस्य भारत भूषण तिवारी ने वाहन क्षति बीमा विवाद में शाहपुर निवासी अम्बिका प्रसाद वर्मा के पक्ष में आंशिक निर्णय देते हुए नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड को 1,91,903 रुपये क्षतिपूर्ति 1,000 रुपये मानसिक पीड़ा और 500 रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया है। परिवादी ने अपनी बीमित कार के दुर्घटनाग्रस्त होने पर कम्पनी से दावा किया था, लेकिन दस्तावेज पूरे देने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया गया।

### डायल 112 व रेडियो शाखा की एसपी ने की समीक्षा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर कुँवर अनुपम सिंह द्वारा डायल-112 कार्यालय व रेडियो शाखा की साप्ताहिक समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान एसपी द्वारा कार्यालय की कार्यप्रणाली, दस्तावेजों के रखरखाव का जायजा लिया गया। साथ ही कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान संबंधित शाखाओं के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### घर से नकदी व आभूषण ले गायब हुई किशोरी, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर दी है। महिला ने बताया कि वह परिवार सहित दिल्ली में रहती है। बीते दिनों घर आई थी। इसी बीच 28 मई की रात में उनकी बेटी घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया। इसी बीच जानकारी मिली कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अशियाँ कलाँ गांव निवासी शनि उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। घर से जाते समय उनकी बेटी अपने साथ आधार कार्ड, हाईस्कूल की मार्कशीट दो सोने की अंगूठी, सोने का लॉकेट, कान का झुमका व घर में रखा पचास हजार की नकदी साथ ले गई है। आरोप है कि शनि के माता पिता व चाचा जानते हैं कि वह कहा है। दोस्तपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### भक्तों को वितरित की यथार्थ गीता

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर्व पर धोपाप धाम में राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज बूधापुर निवासी युवराज सिंह तथा समाजसेवी प्रदीप कुमार उर्फ दीपू सिंह के नेतृत्व में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया तथा परमहंस स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज द्वारा रचित मानव धर्मशास्त्र यथार्थ गीता एवं भजन किसका करें पुस्तकों का वितरण किया गया। मौके पर राजू सिंह, पंकज सिंह, बृजेंद्र पांडेय, मोनू सिंह, राजदेव यादव, अवधेश विश्वकर्मा, रमेश श्रीवास्तव, गोविंद कुमार, तुलसी भारती, सोनू धुरिया, प्रभात मालवीय, अंकित पाल, कपिल यादव, शशि सिंह आदि मौजूद रहे।

### घायल महिला को मिला 97 हजार रुपए मुआवजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्य मृदुला राय व रमेश चंद्र यादव की पीठ द्वारा विद्युत विभाग की लापरवाही से घायल हुई महिला को मुआवजा देने का आदेश दिया है। गांव पूरे भक्तिन का पुरवा (गरथौली), थाना कूरेभार निवासी गेंदा देवी ने अधिशाषी अभियन्ता द्वितीय एवं उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण खण्ड-2 के विरुद्ध वाद दाखिल किया था। आरोप था कि 11 मार्च 2019 को जब वह अपने मायके से ससुराल जा रही थी, तभी रास्ते में लटकते हुए बिजली के तार से करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान वह एक अस्पताल में 12 दिन भर्ती रही और अभी भी इलाजरत है। सुनवाई के बाद अदालत ने विपक्षी विद्युत अधिकारियों को आदेशित किया कि वे वादिनी को कुल 97,150 रूपये की राशि एक माह के भीतर छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करें।

# मानव जीवन के लिए वृक्ष अमूल्य धरोहर: डॉ. महेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के फार्मेसी संकाय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. महेश प्रसाद के निर्देशन में यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

इस मौके पर शिक्षकों में प्रो. अंतेश कुमार झां, डॉ. शिव कुमार श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, कपिल देव तिवारी एवं अरुण तिवारी ने मिलकर संस्थान परिसर में आम, नीम एवं पीपल के पौधे लगाए। इन वृक्षों का पर्यावरणीय महत्व बताते हुए डॉयरेक्टर ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूक किया गया और यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर सभी ने यह संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित रूप से योगदान देते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वृक्षारोपण के साथ हुआ।

▸▸ केएनआईएमटी के फार्मेसी संकाय में रोप गए पौधे

# विश्व पर्यावरण दिवसः जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत विधायक कादीपुर राजेश गौतम द्वारा पहाड़पुर बस्ती कादीपुर में, विधायक विनोद सिंह द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में, विधायक सदर (जयसिंहपुर) राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू द्वारा दियरा घाट में, डीएम कुमार हर्ष द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में सीडीओ अंकुर कौशिक द्वारा विकास भवन परिसर में पौधारोपण किया गया।

विधायक सुलतानपुर विनोद सिंह द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नीम व पाकड़ का पौध रोपित किया गया। प्राभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग अमित सिंह के निर्देशानुसार जिला परियोजना अधिकारी अभिनन्दन प्रताप सिंह द्वारा दियरा घाट पर वृहद स्तर पर विश्व पर्यावरण के अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के तहत विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू द्वारा दियरा घाट में त्रिवेणी पौध (पीपल, बरगद व नीम) रोपित किया गया। दियरा घाट पर आम जनमानस की भागीदारी द्वारा 50 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें विधायक द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के प्रति उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। दियरा घाट पर ही लक्ष्य सेवा समर्पण फाउण्डेशन एवं जिला गंगा समिति द्वारा घाट पर विधायक की उपस्थिति में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के अन्तर्गत जिलाधिकारी कुमार हर्ष द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में मौलश्री का पौध तथा सीडीओ अंकुर कौशिक द्वारा विकास भवन परिसर में मौलश्री का पौध लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विधायक लम्भुआ प्रतिनिधि पंकज वर्मा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील लम्भुआ स्थित कमल सरोवर दिखौली में त्रिवेणी (पीपल, बरगद व नीम) का पौधरोपण किया गया।




पौध रोपण करते सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय।

▸▸ वन विभाग ने 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अन्तर्गत चलाया अभियान

**राजनीति गरमाई**

आप सांसद ने पीड़ित परिवारों को भिजवाया राशन, सपा प्रवक्ता बोले-प्रशासन और सरकार को दु:ख-दर्द से नहीं है वास्ता

# जिले में बुलडोजर की कार्रवाई के बाद बढ़ी राजनीतिक सक्रियता

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बीते सोमवार को शहर से तीन किमी दूर पयागीपुर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में लगभग तीस झुग्गियों पर एसडीएम सदर के नेतृत्व में प्रशासन का बुलडोजर चला था। इसमें अधिकतर सफाई कर्मी का परिवार शामिल था। प्रशासनिक कार्रवाई से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए विभिन्न राजनीतिक दल आगे आए हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की पहल पर पार्टी कार्यकर्ताओं और आजाद समाज सेवा समिति ने गुरुवार को प्रभावित परिवारों को एक महीने का राशन वितरित किया। वही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा ने भी इन परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से बातचीत की। इस तरह दोनों प्रमुख विपक्षी दलों ने प्रभावित परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाई है।

अनूप संडा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 29 सफाई कर्मियों की बस्ती थी जो झोपड़िया डालकर यहां रहकर काम कर रहे थे। प्रशासन ने किसी सर्किट हाउस बनाने के नाम पर बुलडोजर चलाकर के उनके घरों को ध्वस्त कर दिया। यहां तक बताया गया कि उनको इतना भी समय नहीं दिया गया कि वो अपने सामान को वह अपने घरों से निकाल सकते। उसी दिन बस्ती वालों ने जाकर के जिला प्रशासन को ज्ञापन भी दिया था कि हमको कोई पुनर्वास की व्यवस्था दी जाए। उन्होंने कहा उच्च न्यायालय के निर्देशों और सलाह की अवहेलना करते हुए इन गरीबों का घर उजाड़ना इस बात का प्रतीक है कि शासन में गरीबों की बात सुनने वाला कोई नहीं है। भाजपा की सरकार बराबर यह बात करती है कि हम सबका साथ, सबका विकास वाली पार्टी हैं, प्रधानमंत्री सफाईकर्मी समाज के लोगों को सफाई योद्धा कहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मानसून आने वाला है उनके घरों को उजाड़ कर प्रशासन क्या संदेश देना चाहता है कि सरकार को किसी के दुःख-दर्द से कोई वास्ता नहीं है। या गरीबों के लिए समाज में कोई जगह नहीं बची है।



राशन वितरित करते अनूप संडा व आप पदाधिकारी। अमृत विचार

### गरीबों की मदद में खड़ी हुई आजाद समाज सेवा समिति

आजाद समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि आजाद समाज सेवा समिति हमेशा गरीबों की पीड़ा महसूस करती रही। कल आजाद समाज सेवा समिति के संस्थापक और राज्यसभा सांसद संजय सिंह यहां पर आए थे और उन्होंने भी पीड़ा को देखा। उसके बाद उन्होंने कहा कि संस्था और पार्टी मिलकर इन गरीबों की मदद के लिए खड़ी हो और जाकर इनको राशन इतना मुहैया करा दें कि 2 महीने 15 दिन चले उसके बाद तब तक देखा जाएगा। वही अधिकारियों की ओर से ये भी कहा गया कि अधिकतर लोगों के पास अपने आवास हैं, जिसे वे किराए पर दे रखे हैं और स्वयं यहां अतिक्रमण करके रह रहे हैं। वहीं बुलडोजर की कार्रवाई नहीं की जाए इसके लिए सोमवार दोपहर को कई दर्जन लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और डीएम को सम्बोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा था। बावजूद इसके प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी।

## एक नजर

### कंपोजिट स्कूल गनेशपुर में किया गया पौधरोपण

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** कम्पोजिट विद्यालय गनेशपुर के प्रांगण में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार एवं ग्राम संगठन ब्लाक अध्यक्ष शोहरतगढ़ जफर आलम ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मनोज यादव, शिक्षामित्र विजय बहादुर, शिक्षामित्र श्रीमती रीता, पंचायत सहायक कृष्ण मोहन गिरि, सफाई कर्मचारी कन्हैया लाल, प्रदीप कुमार, सुखबली आदि मौजूद रहे।

### पुल से नदी में कूद रही बालिका को बचाया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय उसका बाजार के करीब कूड़ा नदी के पुराने रेल पुल से जान देने के इरादे से कूद रही एक लड़की को राहगीरों ने बचा लिया। घटना गुरुवार दोपहर की है। 16 वर्षीया उक्त लड़की को उसके परिजनों को सौप दिया गया है। लड़कीं को बचाने वाले रामजी लाल ने बताया कि पल पर उन्होंने देखा कि एक लड़की रेलवे पुल के सुरक्षा गार्डर पर चढ़कर नदी में कूदने का प्रयास कर रही है। ये देख वहां मौजूद फो एक अन्य लोगों ने मिल कर सूझ बूझ के साथ उज़की तरफ बढ़े और निकट पहुंच कर उसे कब्जे में ले लिया।

### तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति करें सचेत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में एंटी टोबैको सेल की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि तम्बाकू से होने वाली नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनपद स्तर एवं तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराये।

# पौधरोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का दिया संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सिद्धार्थनगर में "हरित पर्यटन संवर्धन अभियान" सफलतापूर्वक संपन्न

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते सांसद जगदंबिका पाल व जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, सिद्धार्थनगर में पर्यटन विकास के लिए सूचीबद्ध संस्था 'लक्ष्य' द्वारा "हरित पर्यटन संवर्धन अभियान" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर, 'लक्ष्य' के हरित चेंजमेकर्स ने विभिन्न पर्यटन यार्मी में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम युनेप एवं उत्तर प्रदेश पर्यटन के सौजन्य से बृहद "सफाई एवं पौधारोपण अभियान चलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम 2.0" के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस व्यापक अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय चेतना को जागृत करना और जिले में स्थायी ग्रामीण पर्यटन को प्रभावी ढंग से प्रोत्साहित करना था। अभियान के तहत, जिले के रमणीय पर्यटन ग्राम घरुयार में ग्राम पर्यटन समिति, घरुयार के सक्रिय सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान, एक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए समुदाय-आधारित सफाई अभियान चलाया गया तथा "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" की भावनात्मक पहल के तहत सघन वृक्षारोपण किया गया। "हरित चेंजमेकर्स" की भूमिका को सराहा गयाः पर्यावरण संरक्षण एवं हरित पहलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने वाले सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्तियों ("हरित चेंजमेकर्स") के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया गया।

स्थायी पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण संदेश को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने के लिए डिजिटल जगत की जानी-मानी हस्तियों ने भी इस अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। इस अभियान का एक विशेष और महत्वपूर्ण आयोजन कपिलवस्तु स्थित ऐतिहासिक बुद्ध स्तूप परिसर में हुआ। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में 'बोधि यात्रा' के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। प्रतिनिधियों को कला और शिल्प प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित किए जा रहे 'सिद्धार्थनगर पर्यटन ग्राम स्मृति चिन्ह' भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कपिलवस्तु में जो भगवान बुद्ध की उद्गम स्थली है, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह ने पर्यटन सूचना अधिकारी सुश्री प्रिया, सहायक पुरातत्वविद् विकास सिंह की उपस्थिति में हरित चेंज मेकर्स को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, उपस्थित समूह को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की होम स्टे और फार्म-स्टे जैसी योजनाओं से भी परिचित कराया गया, जिनका उद्देश्य स्थानीय निवासियों की आजीविका का विकास करना है। "हरित पर्यटन संवर्धन अभियान" को पर्यटन विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला प्रशासन और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यूनेप का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पर्यटन सूचना अधिकारी प्रिया ने कहा, "विश्व पर्यावरण दिवस पर इस महत्वपूर्ण अभियान को मूर्त रूप देकर हम अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने हमारा लक्ष्य सिद्धार्थनगर को हरित और स्थायी पर्यटन के एक उत्कृष्ट मॉडल के रूप में स्थापित करना है, जहाँ पारिस्थितिक संतुलन और सामुदायिक विकास एक साथ संभव हो सकें। 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' जैसी पहलों के माध्यम से वृक्षारोपण को जन-जन से जोड़ने तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने का हमारा प्रयास सफल रहा। बोधि यात्रा के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी तथा चेंजमेकर्स के सम्मान ने इस आयोजन को एक नई ऊंचाई प्रदान की है।" यह अभियान सभी नागरिकों को एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य के निर्माण की दिशा में सामूहिक योगदान देने तथा घरुयार और कपिलवस्तु जैसे ऐतिहासिक स्थलों की संस्कृति और प्रकृति के अनूठे संगम का समर्थन करने का आह्वान करता है।

**कंपोजिट विद्यालय तिवारी डीह में हुआ पौधरोपण :** उसका ब्लॉक अंतर्गत स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय तिवारीडीह हथिवडताल में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने पौधारोपण के बाद कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पर्याप्त संख्या में हरे भरे पौधों का होना आवश्यक है। पौधे जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते है इसके बदले में कार्बन डाइऑक्साइड गैस लेते है। स्कूल के प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह से पौधों के रखरखाव एवं परिसर की सुरक्षा के लिए कहा। इस अवसर पर शिक्षा मित्र महेश प्रसाद, दिनेश यादव, राकेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### नीम व पीपल के रोपे पौधे

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन की स्मृति में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर., पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी राजा गणपति आर, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन व मा. विधायक कपिलवस्तु प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविंद माधव, मुख्य विकास अधिकारी, बलराम सिंह, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, नीरज शुक्ला प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय व स्कूली बच्चों ने विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर पवित्र त्रिवेणी पीपल बरगद नीम का रोपण कर स्वच्छ पर्यावरण की स्थापना पर बल दिया।

# पूर्वोत्तर रेलवे की जीएम ने किया पौधरोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण करतीं सौम्या माथुर। अमृत विचार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर महाप्रबन्धक सौम्या माथुर, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार एवं प्रमुख विभागाध्यक्षों ने पर्यावरण स्थिरता पर यांत्रिक विभाग द्वारा मुद्रित रिपोर्ट ''इन्वायरमेन्ट सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2024-25'' का विमोचन किया। पर्यावरण संरक्षण हेतु रेलवे प्रेक्षागृह में महाप्रबन्धक, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार सहित प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) की सदस्याओं ने पौधारोपण किया और महाप्रबन्धक ने कोचिंग डिपो एवं ईएनएचएम, यांत्रिक विभाग गोरखपुर द्वारा लगाई गई स्वच्छता प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने रेलवे प्रेक्षागृह में नवस्थापित एलईडी वीडियोवाल का शुभारम्भ किया। एलईडी स्क्रीन लग जाने से बैकड्राप में लगने वाले बैनर पेपर की बचत होगी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने कहा कि आज का आयोजन हमारे लिए जिम्मेदारी की बात है। हम सभी आज यहॉ विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह एक ऐसा दिन है जो दुनिया के हर नागरिक से यह आग्रह करता है कि वे पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी पर विचार करें और आने वाली पीढियों के लिए अपने ग्रह की रक्षा करने के लिए संकल्प लें। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा इस वर्ष का विषय ''प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें'' घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण हमारे समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। हर वर्ष पूरे विश्व में 400 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, और इसका एक बड़ा हिस्सा हमारी नदियों, महासागरों और मिट्टी में पहुंच जाता है, जिससे वन्य जीवन, जैव विविधता सम्पन्न क्षेत्र और मानव स्वास्थ्य पर खतरे उत्पन्न होते हैं।

# सीएम के जन्मदिवस पर 53 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के मौके पर प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी उप्र व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान के उपरांत केक काटकर सीएम के दीर्घायु की कामना की गई। वही विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी रक्तदाताओं को पौधा भेंट किया गया।

सीएम योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 53 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। सुबह 8 बजे से शुरू हुए रक्तदान शिविर में कुल 53 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर में कुल 53 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया तथा 25 लोगों में ऐच्छिक रक्त दान के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के मौजूदगी में भाजपाइयों ने 21 पाउंड का केक काटकर व एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु होने की कामना किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया कि रक्तदान से कई अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य के लिए युवाओं के साथ हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने रक्तवीरों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि रक्तदान करना सभी के लिए प्रेरणादायक और सराहनीय हैं। इस दौरान रमन सिंह, अजय पाठक, अवधेश चौधरी, अमित यादव, कमलेंद्र त्रिपाठी, शिवकुमार दुबे, सुनील अग्रहरि, सुधांसु अग्रहरि, रवींद्र शर्मा,विष्णु श्रीवास्तव, रमेश चंद्र शुक्ला, प्रमोद गौतम आदि सहित 53 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर डा. दशरथ चौधरी, नरेंद्रमणि त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा आदि रहे।

# मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देने को लगा रहा तांता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रदेश सरकार के शीर्ष पदाधिकारियों समेत देश-विदेश से गुरुवार को शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ, लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स दिनभर छाए रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए राज्य के निरंतर विकास का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में यूपी के विकास के लिए अथक काम किया है, जिससे राज्य के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्हें लंबी और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पार्टी नेताओं ने ने योगी की उपलब्धियां गिनाते हुए बधाई दी।

**नवयुग विधि महाविद्यालय**
रतनपुर बारी सहिजन सुलतानपुर (उ0प्र0)–228131

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत (एल0एल0बी0, त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्राचार्य– 01 पद तथा प्रवक्ता– 10 पद
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0, बी0सी0आई0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**
**मो0नं0. 9919332588, 9918398383, 9450214159**

**नवयुग पी0जी0 कॉलेज**
रतनपुर बारी सहिजन पो0 कुन्दाभैरवपुर, सुलतानपुर (उ0प्र0)–228131

**आवश्यकता है**

**स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.)** पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी एवं ऊर्दू विषयों में 05–05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक कला संकाय (एम0ए0)** हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम.एससी)** हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय (एम.एससी)** पाठ्यक्रम हेतु एग्रोनॉमी, हार्टिकल्चर, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग, एनीमल हसबैन्डरी एवं डेयरी, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री एण्ड स्वायल साइन्स विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय एम0एड्0** पाठ्यक्रम में 10 पद प्रवक्ता की।
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 07 दिन के अन्दर समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों/ अंकपत्रों की छायाप्रति एवं दो रंगीन (पासपोर्ट साइज) फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**प्रबन्धक**
**मो0नं0: 9918398383, 9919332588, 9450214159**

# डीएम ने पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

संवाददाता, कुशीनगर



पौधरोपण करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर।

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर आधारित पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा प्रकृति को हरा भरा तथा स्वच्छ, सुंदर बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खंड दुदही के ग्राम बांसगांव चौरिया व खैरवा में पौधरोपण कर समस्त जनपदवासियों से हरिशंकरी पीपल, पाकड़ व बरगद वृक्षों का अपने घर के समीप लगाकर उसे मां की भांति संरक्षित करने एवं चौपाल संस्कृति वापस लाने हेतु आवाह्न किया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने पेड़ों को मां की तरह पूज्यनीय मानते हुए उसकी सेवा, संरक्षण करने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने पर्यावरण दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अपने आसपास पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यही पेड़ कल को आपको छाया फल, जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी देंगे। उनकी देखभाल बिल्कुल अपने बच्चों की तरह करें।

### योग दिवस के लिए तैयार किए जा रहे मास्टर योग ट्रेनर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष विभाग योग दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों व ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम का आयोजन कराएगा। इसके लिए मास्टर योग ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष आयुष मंत्रालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग' रखी गई है। आयुष मंत्रालय की ओर से 10 महत्वपूर्ण इवेंट मनाये जा रहे हैं।

**कार्यालय – ग्राम पंचायत रामनगर विकास खण्ड पचपेड़वा जनपद बलरामपुर**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रामनगर में केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के अंतर्गत शौचालय निर्माण/रेट्रोफिटिंग, नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल निर्माण, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप, हैंड पंप, मरम्मत, हैंडपंप रिवोर, स्कूल में दिव्यांग/सामान्य शौचालय निर्माण/मरम्मत,स्कूल कायाकल्प, सोकपिट निर्माण, सामुदायिक शौचालय मरम्मत आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन में कुर्सी मेज आदि क्रय, सोलर लाइट, पशु शेड बकरी शेड, मुर्गी शेड, निर्माण, स्वयं सहायता समूह हेतु शेड निर्माण खाद गड्ढा नाडेप वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, गौवंश आश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत गौवंश आश्रम स्थल का बाउंड्री वाल निर्माण, कूप मरम्मत अन्त्येष्टि स्थल निर्माण आदि । प्रयुक्त होने वाली साम्रगी जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, सीमेंन्ट सरिया, पत्थर गिट्टी, स्ट्रोन, इंटरलॉकिंग गईलस, साईन बोर्ड, पत्थर, मिट्टी, जी.एस.एस.बी. (लोहा पाइप) विभिन्न माप को स्थुम पाइन ;क पाईप, लोहे का दरवाजा। प्राईमर, पेंट, पुट्टी, सिमिटेड सीट, (एल्बेस्टर) शौचालय शीट यूरिनल सीट, ढाड पाइप, टोटी, सिंटेक्स, वाश बेसिन आदि आवश्यक है। सामग्री। आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा/ कोटेशन जो पंजीकृत फर्म हो आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 06/06/2025 से 09/06/2025 को दिन में 02: 00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जाएगा। निविदा/कोटेशन दिनांक /10/06/2025 को 3: 00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा/निविदा कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विशिष्टियों के अनुसार परिमंडल गोंडा के द्वारा निर्धारित दरों के संक्षेप की जाएगी। निविदा कोटेशन वित्तीय 2025– 26 में कराए गए विकास कार्यो में प्रभावी रहेगी शेष नियम और शर्ते लागूं
**कार्य का नाम – आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य 3 अद्द**

**महफूज खां**
ग्राम प्रधान

**संजय कुमार मिश्रा**
ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत रामनगर, विकास खण्ड पचपेड़वा जनपद बलरामपुर

# गंगा राप्ती महाआरती में उमड़ा जनसैलाब

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** राप्ती नदी तट पर गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर धर्म रक्षा मंच द्वारा आयोजित माँ अचिरावती गंगा राप्ती महाआरती महोत्सव कार्यक्रम में आस्था का जनसैलाब उमड़ा पड़ा। कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा राप्ती तट पर दीप जलाकर सामूहिक आरती की गई, वही प्रसाद वितरण के बाद देर रात तक चले भजन संध्या कार्यक्रम में कलाकारों की भजन प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहें। इस दौरान श्रद्धालुओं ने राप्ती रूपी गंगा मैया से परिवार की सुख-समृद्धि और जीवन में शुद्धता बनाए रखने की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक द्वारा राप्ती रूपी मां गंगा का विद्वान पुरोहित पंडित राकेश शास्त्री विधिविधान से पूजन कर क्षेत्र व क्षेत्रवासियों के खुशहाली व कुशलता की कामना की।

पूर्व राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे उत्सव से भारतीय सनातन धर्म और परंपराएं प्रगाढ़ होंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करना है, जिससे समाज में फैली कुरीतियों को दूरकर समरसता कायम किया जा सके।

### लखनऊ और गोरखपुर मंडल को मिली घायल वन्य जीवों के लिए एमवीयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग ने प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस और अन्य घायल वन्य जीवों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गोरखपुर और लखनऊ मंडल में मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल से दोनों मंडल के पक्षी विहार और वन प्रभागों में घायल होने वाले पक्षियों और वन्य जीवों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कानपुर व मेरठ मंडल को भी यह सुविधा देने की तैयारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि उप्र सारस संरक्षण समिति की ओर से लंबे समय से मोबाइल वेटनरी यूनिट की मांग की जा रही थी। विभाग ने गोरखपुर और लखनऊ मंडल में एमवीयू की सुविधा प्रदान की है।

**नगर पंचायत पयागपुर, जनपद–बहराइच**

पत्रांक–48/वन्दन योजना– न0पं0प0 / नि0कार्य/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक– 31 मई, 2025

**ई–निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक–47/वन्दन योजना–न0पं0प0/नि0कार्य/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक 31 मई, 2025 द्वारा नगर पंचायत पयागपुर, बहराइच में वर्ष 2024–25 में वन्दन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत एवं कार्य हेतु जी0एस0टी0 रहित आनलाइन निविदाएं ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 06–06–2025 को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 30–06–2025 को अपरान्ह 3: 00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2024–25 /2025–26 में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं अन्य विभागों में 'ए' 'बी' एवं 'सी' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो (जिन्हें छादक, मार्ग निर्माण, बेन्च, एल0ई0डी0 लाईट एवं वाटर क्योस्क की स्थापना की स्थापना के कार्यो का सममूल्य अथवा अधिक का संयुक्त अनुभव कम से कम तीन वर्ष का हो) से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर हेतु 'वंदन योजना एन0पी0 पयागपुर के नाम से बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा– बहराइच स्थित खाता संख्या– 60533948452 आई0एफ0एस0कोड– MAHB0001404 में जमा की जायेगी अथवा एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/ एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर, बहराइच के पक्ष में बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। ऑनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों ( जैसे जमानत धनराशि /निविदा मूल्य जमा रसीद, हैंसियत/चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। कार्य की स्वीकृत लागत के सापेक्ष रू0 40.00 लाख तक 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं रू0 40.00 के पश्चात कार्य की लागत की अवशेष धनराशि के सापेक्ष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि आनलाइन अथवा एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में जमा कराना होगा। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 30–06– 2025 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत पयागपुर, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें ऑनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य का विवरण ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध हैं–

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद–बहराइच।**

**बालेन्द्र प्रताप**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद–बहराइच।**

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम खेम राज राजपूत ( KHEM RAJ RAJPUT ) जन्मतिथि – 10 – 10 – 1959 दर्ज है। जबकि मेरा शुद्ध व सही नाम खेमराज राजपूत (KHEMRAJ RAJPUT) है। इसी तरह मेरी पत्नी का नाम भी बिमाला राजपूत (BIMALA RAJPUT) जन्मतिथि– 01–07–1963 दर्ज है। जबकि शुद्ध व सही नाम बिमला राजपूत (BIMLA RAJPUT ) है। **खेमराज राजपूत पुत्र स्व0 श्री बत्तू लाल राजपूत निवासी– गदनपुर पोस्ट– फफूँद तहसील एवं जिला– औरैया (उ0प्र0)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गौसगंज विकास खण्ड कछौना की प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहकारी समिति ली0 ग्राम पचांयत गौसगंज विकास खंड कछौना तहसील सण्डीला जनपद हरदोई के गठन हेतु दिनांक 07/06/2025 व 09/06/2025 व 11/06/2025 को स्थान अरविन्द कुमार के आवास के बाहरी प्रांगण मे कटरा गौसगंज मे खुली बैठक का आयोजन किया जा रहा है ग्राम पंचायत मे आने वाले सभी मजरो के ग्राम वासियों से विनती है की खुली बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**निवेदक**
**प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहाकारी सीमित लि0**
**ग्राम पंचायत गौसगंज, विकासखंड कछौना, जनपद- हरदोई**

**सूचना**

मेरी पुत्री का खाता उप डाकघर मगरवारा, उन्नाव में 'सुकन्या समृद्धि योजना' के अंतर्गत अविका गौतम नाम से संचालित है, जबकि अन्य समस्त शैक्षिक व सरकारी अभिलेख अविका सिंह नाम से हैं। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को अविका सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **ज्योति पत्नी अरविंद कुमार, निवासी ग्राम दुर्गनखेड़ा, मजरा मसवासी, थाना कोतवाली सदर, जिला उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **लिशा अजमानी पुत्रीअमर जीत सिंह अजमानी निवासी मकान सं0–288/ए, निकट गौरी फाटक, धर्मशाला रोड हरदोई उ0प्र0–241001** मेरे आधार कार्ड सं0 2332 5631 0122 में मेरा नाम लिशा (LISHA) अंकित है और पिता के नाम में सरनेम अजमानी अंकित है। अतः मेरे आधार कार्ड में अंकित अपने नाम में संशोधन कराकर लिशा के स्थान पर लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) अंकित किया जाय तथा भविष्य में मुझे लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।


**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम अनिकेत दूबे, पिता का नाम हनुमन्त लाल दूबे व माता का नाम राजकुमारी दूबे अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक रूप से मेरा नाम अभिषेक कुमार गुप्ता, पिता का नाम हनुमन्त लाल व माता का नाम राजकुमारी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाय।





# दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर



नॉर्थम्पटन, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्ष क्रम में मिली है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्हें पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में जगह दी गई है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं ।

### भारत ए से इंग्लैंड लायंस का आखिरी टेस्ट मैच

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद,जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स। **मैच दोपहर 3 . 30 बजे से**

### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला, पहला मैच 20 जून से होगा शुरू

# पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में वोक्स

लंदन, एजेंसी

तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई श्रृंखला के दौरान लार्ड्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा 4 विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट से पूर्व तैयारी करने को कहा है। इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलेंगे। जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने के बाद जेमी ओवरटन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हालांकि बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई को पहले वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट लगी थी। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि हाल में संपन्न आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलने वाले 31 साल के ओवरटन की चोट की इंग्लैंड की चिकित्सा टीम रोजाना आकलन और समीक्षा करेगी।



### भारत की कप्तानी करेंगे गिल

भारत अपना इंग्लैंड दौरा 20-24 जून तक हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट से शुरू करेगा जबकि दूसरा टेस्ट 2-6 जुलाई तक एजबेस्टन में, तीसरा टेस्ट 10-14 जुलाई तक लॉर्ड्स में, चौथा 23-27 जुलाई ओल्ड ट्रैफर्ड में और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ओवल में होगा। बदलाव से गुजर रहे भारत की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे क्योंकि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेल रही है, जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल टेस्ट को अलविदा कह दिया था। मोहम्मद शमी को इस दौरे में नहीं हैं।

इंग्लैंड की टीम की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। टीम में शोएब बशीर के रूप में एकमात्र स्पिनर है। आईपीएल चैंपियन आरसीबी से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल और तेज गेंदबाज सैम कुक, तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स और वारविकशर के जैकब बेथेल और क्रिस वोक्स भी टीम में है।

## खेल डायरी

### दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में 1.21 करोड़ की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा, दिल्ली जीएम ओपन ने पिछले दो दशक से भारतीय शतरंज की नींव को मजबूत करने में मदद की है।

### शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट पहले पायदान पर पहुंची

**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### मैच फिक्सिंग में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिये हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

### भारतीय तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और गुरुवार को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली चीनी ताइपे ने मात्र एक अंक से 242-241 हराया। मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथ तनमपर्थी की महिला कंपाउंड टीम भी कांस्य पदक मैच में हार गयी।

### अगले ओलंपिक में मेरा निशाना शीर्ष पायदान पर: कुसाले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। 2021-22 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बड़ा लक्ष्य अगला ओलंपिक है।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हारकर हुईं बाहर

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी।

सात्विक ने कहा कि आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने उन्हें सौंप दिए। सात्विक ने कहा कि पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे। लेकिन फिर भी हमें भरोसा कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे।



इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

### मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं: सिंधू



सिंधू ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह अच्छा होता। हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला, सिंधू ने पहले गेम में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता, लेकिन दूसरा गेम गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15-11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

# कीस को हराकर गाफ सेमीफाइनल में पहुंची



**फ्रेंच ओपन**

- वाइल्ड कार्डधारी बोइसों से होगा सामना, पुरुष वर्ग में जोकोविच और सिनेर भी सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस, एजेंसी

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया।

बाईस वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं।

पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

# अगले आईपीएल में करूंगा दोगुना बेहतर प्रदर्शन : वैभव

मुंबई, एजेंसी

अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए सपने जैसा है और मुझे पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया।

सूर्यवंशी ने कहा कि अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां कीं और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। पहले सत्र से मिली सीख के बारे में सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने कहा कि यह नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।



### पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी : खुरासिया

**नई दिल्ली।** आरसीबी को आईपीएल में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है।

# डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से भी मिल सकता है राजस्व : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी।

मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।




# गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।



### कोहली ने मानसिक अस्पष्टता से टेस्ट को अलविदा कहा: ग्रेग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट से नहीं बल्कि कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े असर की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी से संन्यास लिया है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते एहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते, जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए।



# गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो तकनीक के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है।



- बोले- इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी के बीच बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए

# अमेरिका ने इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम की मांग पर लगाया वीटो

- बंधकों की बिना शर्त रिहाई और सभी प्रतिबंधों को हटाने की मांग

वाशिंगटन/तेल अवीव/संरा, एजेंसी



अमेरिका ने गाजा में इजराइल और हमास आतंकवादियों के बीच स्थायी संघर्ष विराम की मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। प्रस्ताव में गाजा में बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता की डिलीवरी पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गयी है।

अमेरिका ने आईडीएफ और हमास आतंकवादियों के बीच गाजा में स्थायी युद्ध विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के मसौदे पर वीटो लगा दिया है। इसने एन्क्लेव में सहायता आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाने का भी आह्वान किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, संरा में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने मतदान से पहले परिषद को बताया, अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो और हमास को निरस्त्र करने और गाजा छोड़ने का आह्वान न करे। उन्होंने 15 सदस्यीय परिषद में 10 देशों द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बारे में कहा, यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। अन्य 14 सदस्यों ने 10 गैर-स्थायी सदस्यों द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

## मांसपेशियों से नियंत्रण खोना ही पार्किंसन्स

कुछ हट के

पार्किंसन्स एक उम्र संबंधी मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी है, जिसमें ब्रेन के कुछ हिस्से बहुत कमजोर या डैमेज हो जाते हैं। इसके कारण आमतौर पर लोग बहुत धीरे चलने-फिरने लगते हैं। उनके हाथ, पैर और सिर कांपने लगते हैं। इसके अलावा बैलेंसिंग की भी समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में इसका कोई स्पष्ट कारण पता नहीं है।

हालांकि, कुछ मामलों में देखा गया है कि यह अनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। इसका कोई स्थाई इलाज नहीं उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से लक्षणों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। साइंस जर्नल फ्रंटियर्स के मुताबिक, साल 2021 में पूरी दुनिया में 118 लाख लोगों को पार्किंसन्स था। अनुमान है कि 2050 तक पेशेंट्स की संख्या दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 252 लाख के करीब हो सकती है। पार्किंसन्स डिजीज में फिजिकल एक्टिविटीज और एक्सरसाइज का बहुत महत्व होता है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत होती हैं, स्पीड सुधरती है और बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रोटीन से भरपूर चीजें खाएं। मसल्स मजबूत बनाने और बॉडी एक्टिविटीज के लिए प्रोटीन जरूरी है।



**118** लाख से ज्यादा लोग 2021 तक पार्किंसन्स से पीड़ित

**2050** तक 252 लाख लोग हो सकते हैं इस बीमारी का शिकार

### बीमारी के लक्षण एवं क्यों होता है

- इस बीमारी के लक्षणों को मोटर (मूवमेंट से संबंधित) और नॉन-मोटर (जो मूवमेंट से नहीं जुड़े)- दो ग्रुप में बांटा जा सकता है। मुख्य रूप से ब्रेन में एक खास केमिकल डोपामिन की कमी के कारण होता है। यह केमिकल ब्रेन में स्ट्रायटम नामक हिस्से में होता है, जो मसल्स पर कंट्रोल और उसकी गति को नियंत्रित करता है। जब ब्रेन के इस हिस्से की सेल्स डैमेज होने लगती हैं या कमजोर होने लगती हैं तो पार्किंसन्स के लक्षण उभरते हैं।

### पार्किंसन्स के मुख्य कारण

- **जेनेटिक :** यह डिजीज कुछ मामलों में जेनेटिक हो सकती है। परिवार में किसी को पार्किंसन्स है तो उस व्यक्ति को खतरा दूसरों की अपेक्षा ज्यादा होता है।
- **आईडियोपैथिक :** ज्यादातर पार्किंसन्स मामलों का कारण पता नहीं चलता है। इसे आईडियोपैथिक पार्किंसन्स कहा जाता है, इस बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं है।
- **एनवार्यनमेंटल :** कुछ मामलों में पेस्टिसाइड्स जैसे केमिकल्स से भी पार्किंसन्स होता है। कार्बन मोनोऑक्साइड व कुछ पॉइजन्स से भी खतरा बढ़ सकता है।
- **मस्तिष्क में सूजन :** मस्तिष्क में सूजन, जिसे एन्सेफलाइटिस कहा जाता है। इसके कारण भी कभी-कभी पार्किंसन्स के लक्षण उभर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करेगी मदद

- चलने में सावधानी बरतें और स्पीड नियंत्रित करें, बहुत तेजी से न चलें।
- चलते समय हमेशा पैर की एड़ी को जमीन पर पहले रखें।
- अपने बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दें। सीधे खड़े होने की कोशिश करें, ताकि शफ्लिंग यानी धीरे-धीरे चलने को रोका जा सके।
- पीछे की तरफ न चलें और न ही कुछ सामान उठाकर चलने की कोशिश करें।

## एक नजर

### बाइडन के ऑटोपेन इस्तेमाल के खिलाफ जांच का आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा ऑटोपेन का इस्तेमाल किए जाने की जांच करने का बुधवार को आदेश दिया। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है।

### चीन ने ताइवान के 20 हैकर के खिलाफ वारंट किया जारी

**ताइपे।** चीन ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से देश में हैकिंग अभियान को अंजाम देने के आरोप में वहां (ताइवान) के 20 लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को वारंट जारी किया। बीजिंग ने उस ताइवानी कंपनी के साथ व्यापार पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जिसके मालिकों को चीनी अधिकारियों ने "ताइवान की स्वायत्तता का कट्टर समर्थक" बताया है। दक्षिणी शहर गुआंगझाउ की पुलिस ने बताया कि ताइवान की स्वायत्तता की समर्थक 'डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी' (डीपीपी) की ओर से हैकिंग अभियान निंग एनवेई नामक व्यक्ति के नेतृत्व में चलाया गया।

### यून व उनकी पत्नी की जांच के लिए विधेयक पारित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की विधायिका ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा दिसंबर में अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' लगाए जाने और उनकी पत्नी के खिलाफ आपराधिक आरोपों की विशेष जांच शुरू करने के लिए गुरुवार को विधेयक पारित किए। कई महीनों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद मुखर उदारवादी नेता ली जे-म्यांग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया और इसके एक ही दिन बाद उन्होंने अपदस्थ रूढ़ीवादी नेता यून के खिलाफ यह कदम उठाया।

### हज के लिए 15 लाख से ज्यादा मुसलमान सऊदी अरब पहुंचे

**अराफात।** इस साल हज करने के लिए दुनियाभर से 15 लाख से ज्यादा जायरीन सऊदी अरब पहुंचे हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और आर्थिक एवं शारीरिक तौर पर सक्षम मुस्लिम के लिए यह जरूरी माना जाता है कि वह एक बार हज जरूर करे।

# प्रधानमंत्री ने शुरू की 700 किलोमीटर लंबी अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

## पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है तथा यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधी पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि पर जोर देंगे। मोदी ने कहा, अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई।



दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी।

### कहा- सरकार गरीबों के कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राजग सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। मोदी ने एक्स पर कहा कि राजग सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजग ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है।

# थरूर ने अमेरिका में कहा- भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

- राष्ट्रपति ट्रंप के संघर्ष विराम में भूमिका निभाने के दावे पर कांग्रेस सांसद ने रखी भारत की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम में अपनी भूमिका को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति पद का सम्मान करता है लेकिन नयी दिल्ली ने कभी नहीं चाहा कि वह किसी से मध्यस्थता करने के लिए कहे और किसी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें रुकना है।

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थरूर मंगलवार दोपहर यहां पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। थरूर ने कहा, मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति के पद और अमेरिकी राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करते हैं। हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहना चाहा।

उन्होंने बुधवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत को पाकिस्तानियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं थी। उन्होंने कहा, जब तक वे आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करते रहेंगे, हम बल की भाषा का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), जी. हरीश बालयोगी (तेलुगु देशम पार्टी), शशांक मणि त्रिपाठी (भारतीय जनता पार्टी), भुवनेश्वर कलिता (भारतीय जनता पार्टी), मिलिंद देवरा (शिवसेना), तेजस्वी सूर्या (भारतीय जनता पार्टी) और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत संधू शामिल हैं।


अमेरिका में थरूर के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संघ की नेता के समक्ष कश्मीर में सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

**ब्रसेल्स।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को यहां एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष के साथ बैठक में कश्मीर में प्रगति को अस्थिर करने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल को लेकर चिंता व्यक्त की। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ब्रिटेन से बेल्जियम पहुंचा था। बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की एक सार्थक और रचनात्मक बैठक हुई। इसमें कहा गया है, कश्मीर में प्रगति को बाधित करने और स्थिति को सांप्रदायिक बनाने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल के बारे में वरिष्ठ संसदीय स्तर पर जानकारी देने का यह एक अच्छा मौका है।

# हार्वर्ड में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक के लिए ट्रंप ने उठाया कदम

- राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर शासकीय आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आइवी लीग स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। आइवी लीग हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है।

ट्रंप ने बुधवार को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने आदेश में लिखा, मैंने यह तय किया है कि उक्त वर्णित विदेशी नागरिकों के वर्ग का प्रवेश अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक है क्योंकि मेरे विचार में हार्वर्ड के आचरण ने इसे विदेशी छात्रों व शोधकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त गंतव्य बना दिया है। यह देश के सबसे पुराने और सबसे धनी विश्वविद्यालय के साथ 'व्हाइट हाउस के टकराव की दिशा में एक और कदम है।

### संघीय अदालत की रोक के बाद भी कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल

बोस्टन की एक संघीय अदालत ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर रोक लगाने से गृह सुरक्षा विभाग को पिछले सप्ताह रोक दिया था लेकिन ट्रंप का आदेश एक अलग कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल करता है। उन्होंने बुधवार को इसी प्राधिकार का हवाला देते हुए यह भी घोषणा की कि 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर रोक रहेगी तथा सात अन्य देशों के नागरिकों पर भी कुछ पाबंदियां होंगी।

## जापान की वार्षिक जन्म दर में रिकॉर्ड गिरावट

**तोक्यो।** जापान में नवजात शिशुओं की संख्या पूर्व के अनुमान से कहीं अधिक तेजी से घट रही है और गत वर्षों की तुलना में जापान में वार्षिक दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में यह खुलासा हुआ।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 2024 में जापान में 6,86,061 बच्चों का जन्म हुआ, जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 5.7 प्रतिशत कम है। आंकड़ों के मुताबिक जापान में 1899 से जन्म लेने वाले बच्चों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है और यह पहली बार है जब साल में बच्चों के जन्म लेने की संख्या सात लाख से भी नीचे आ गई है। यह लगातार 16वां साल है जब जन्मदर में गिरावट आई है। जापान में एक साल में सबसे अधिक 27 लाख बच्चों का जन्म 1949 में हुआ था।

## पर्यटकों का इंतजार


पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पार्यटकों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। गुरुवार को डल झील में खाली खड़े शिकारे। एजेंसी

## गाजा पट्टी से दो इजराइली बंधकों के शव बरामद

**तेल अवीव।** इजराइल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए दो इजराइली-अमेरिकी लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रातभर और बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जिनमें तीन स्थानीय पत्रकार भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जूडिह वीनस्टीन और गैड हग्गई के शव सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बरामद कर इजराइल लाए गए हैं। नेतन्याहू ने कहा, इजराइल के सभी नागरिकों की ओर से मैं इनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर

- पतंजलि भूमि सौदा मामले में 92 अन्य के खिलाफ भी मुकदमा

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल के खिलाफ भूमि घोटाले के सिलसिले में एक मुकदमा दायर किया है। पद के दुरुपयोग की जांच संबंधी आयोग (सीआईएए) ने पतंजलि भूमि सौदा मामले में कथित संलिप्तता के लिए माधव नेपाल और 92 अन्य पर एक विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया। इसपर, पतंजलि की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सीआईएए ने आरोप लगाया कि पतंजलि ने कावरेपालनचोक जिले में भूमि सीमा छूट के तहत जमीन खरीदी थी। हालांकि, सरकारी रियायत के तहत अधिग्रहीत जमीन को कैबिनेट स्तर की मंजूरी के साथ बेच दिया गया था। साल 2010 में माधव की सरकार के दौरान कैबिनेट ने भूमि सीमा छूट के तहत भूमि की खरीद को मंजूरी दी थी। तय सीमा से अधिक भूमि बेची गई, जो कानून का उल्लंघन है। नेपाल में संभवतः यह पहली बार है कि भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने किसी पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री डंबर श्रेष्ठ और पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

## साक्षात्कार

सांसद शशि थरूर ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज कर कांग्रेसी नेताओं को सुनाई दो टूक

# राष्ट्रहित के लिए विदेश दौरे पर हूं, पार्टी के लिए नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

सांसद शशि थरूर ने उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कोई भी यह मानता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना कोई पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे खुद से सवाल करने की जरूरत है। थरूर पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और इस समय अमेरिका में हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के बाद सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए थरूर की आलोचना की है। एक सहयोगी ने तो भाजपा का महाप्रवक्ता तक कह दिया।



थरूर ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा, सच कहूं तो, जब कोई देश की सेवा कर रहा हो, तो मुझे नहीं लगता कि उसे इन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि भारत लौटने पर वह अपने आलोचकों को क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो कोई भी यह समझता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे हमसे नहीं, बल्कि खुद से सवाल करने की जरूरत है। कई बार कुछ मुद्दों पर थरूर की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक रुख से भिन्न रही हैं। सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या थरूर कांग्रेस में बने रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे।

इन अटकलों को लेकर थरूर ने कहा, मैं संसद का निर्वाचित सदस्य हूं। मेरे कार्यकाल के चार साल बाकी हैं। मुझे नहीं पता कि इस पर कोई सवाल क्यों पूछा जा रहा है।

### कहा- लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध और आलोचना करना सामान्य बात

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए हाल में कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आने के बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। थरूर ने इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध करना, आलोचना करना और मांगें करना सामान्य बात है। उन्होंने कहा, हम यहां किसी पार्टी के राजनीतिक मिशन पर नहीं आए हैं। हम यहां एकजुट भारत के प्रतिनिधि के तौर पर आए हैं। थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में तीन धर्मों और सात राज्यों से पांच राजनीतिक दल शामिल थे।

# ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस का यूक्रेन पर हमला, 5 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

उत्तरी यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर बृहस्पतिवार को हुए ड्रोन हमले में एक शिशु, उसकी मां और दादी समेत कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सुबह होने से कुछ समय पहले शहर के रिहाइशी इलाके में छह ड्रोन ने हमला किया।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाला बच्चा स्थानीय दमकल सेवा प्रमुख का पौत्र था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने दमकल प्रमुख की पहचान 50 वर्षीय ओलेक्जेंडर लेबिड के रूप में की है। जेलेंस्की ने कहा, वह अपने ही घर पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया देने पहुंचे थे। पता चला है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया। हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी।

ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि रूस रविवार को रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक ड्रोन हमलों का जवाब देगा। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में किए गए कूटनीतिक प्रयासों से कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है, तथा यह भीषण युद्ध बेरोकटोक जारी है। यूक्रेन राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले एक वर्ष के बच्चे की मां दरीना शिहिदा एक पुलिस अधिकारी थी।